मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 56
गुरुवार, 04 सितम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आये धार्मिक अल्पसंख्यकों पर नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाईः अमित शाह

**नई दिल्ली, 03 सितम्बर।** भारत सरकार ने हाल ही में लागू किए गए इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के साथ एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। एक ओर यह अधिनियम अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले विदेशियों पर सख्ती से दंड लगाने का प्रावधान करता है यानि बिना वैध पासपोर्ट या वीजा प्रवेश करने वालों को पाँच साल तक की जेल और पाँच लाख रुपये तक का जुमार्ना भुगतना होगा। दूसरी ओर, यह अधिनियम मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाता है और कुछ श्रेणियों को दंडात्मक कार्रवाई से छूट प्रदान करता है।

हम आपको बता दें कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले प्रवासी, जो छह अल्पसंख्यक समुदायों– हिंदू, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी–से संबंध रखते हैं और जिन्होंने 31 दिसंबर 2024 तक भारत में वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज पर प्रवेश किया था (या जिनका वैधता-काल अब समाप्त हो चुका है), उन्हें इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई से छूट दी जाएगी। यह अधिनियम सोमवार से लागू हुआ है।



इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (एक्सेम्पशन) ऑर्डर, 2025 के अनुसार नेपाल और भूटान के नागरिकों को भी, साथ ही 1959 से 30 मई 2003 के बीच विशेष प्रवेश अनुमति लेकर भारत आए तिब्बतियों को, यदि वे संबंधित विदेशी पंजीकरण अधिकारी के पास पंजीकृत हैं, इसी तरह की छूट दी गई है। हालांकि, नेपाल और भूटान के नागरिक यदि चीन, मकाऊ, हांगकांग या पाकिस्तान के रास्ते से भारत में प्रवेश या निकास करते हैं, तो उन्हें यह छूट नहीं मिलेगी।

हम आपको बता दें कि अप्रैल 2025 में पारित इस अधिनियम की धारा 21 के तहत, कोई भी विदेशी यदि बिना वैध पासपोर्ट या वीजा जैसे यात्रा दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करता है, तो उसे अधिकतम पाँच वर्ष की कैद और/या पाँच लाख रुपये का जुमार्ना हो सकता है। वहीं, धारा 23 के अंतर्गत वीजा की अवधि से अधिक ठहरने वाले विदेशियों को अधिकतम तीन वर्ष की कैद और/या तीन लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

भारत में शरण लेने वाले पंजीकृत श्रीलंकाई तमिल, जो 9 जनवरी 2015 तक भारत आए, उन पर ठहराव और निकास संबंधी प्रावधान लागू नहीं होंगे। इसके अलावा, भारत में ड्यूटी पर आने-जाने वाले तीनों सेनाओं (थल, जल, वायु) के सदस्य और उनके परिवारजन भी दंडात्मक कार्रवाई से मुक्त रहेंगे। इसी तरह, कूटनीतिक पासपोर्टधारकों को वीजा की आवश्यकता नहीं होगी। अधिनियम को लागू करने के अधिकार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सौंपे गए हैं।हम आपको बता दें कि सोमवार को गृह मंत्रालय ने अधिनियम के उल्लंघन पर लगाए जाने वाले संकलित जुमार्नों की अधिसूचना भी जारी की थी। इसके तहत वैध पासपोर्ट और वीजा के बिना प्रवेश करने वाले (छूट प्राप्त श्रेणियों को छोड़कर) विदेशियों पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। वीजा अवधि से अधिक ठहरने पर क्रमवार दंड लगाया जाएगा।

## यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जल्द ही संपन्न हो जाने की उम्मीदः जयशंकर



**नई दिल्ली, 03 सितम्बर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे।

जयशंकर ने जर्मनी के अपने समकक्ष जोहान वेडफुल के साथ व्यापक वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता में अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी जर्मनी के लक्ष्य की सराहना करते हैं।हहह विदेश मंत्री ने निर्यात नियंत्रण के मुद्दों को सुलझाने के लिए भी जर्मनी की प्रशंसा की। जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के लिए जर्मनी की दिलचस्पी का भी स्वागत किया। विदेश मंत्री ने कहा कि वेडफुल ने उन्हें बताया कि जर्मनी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के समर्थन में अपना पूरा जोर लगायेगा। जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और ये उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में अचानक बाढ़ आने से चार लोगों की मौत, तीन लापता

**बलरामपुर, 03 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक छोटे बांध का एक हिस्सा टूट जाने से अचानक आयी बाढ़ के चलते चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन अन्य घायल भी हुए हैं।

बलरामपुर के जिलाधिकारी राजेंद्र कटारा ने बताया कि क्षेत्र में भारी बारिश के बाद धनेशपुर गांव में स्थित लुटी (सतबाहिनी) बांध में मंगलवार देर रात दरार आ गयी। अधिकारियों ने बताया कि 1980 के दशक के प्रारंभ में निर्मित इस जलाशय में आई दरार के जरिये निकला पानी आसपास के घरों और खेतों में घुस गया। यहां अचानक बाढ़ आ गई।

जिलाधिकारी ने बताया, एक महिला और उसकी सास समेत चार लोगों की उस समय मौत हो गई जब वे अपने घरों में सो रहे थे। तीन लोग अब भी लापता हैं और तलाश अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गईं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस घटना में कई मवेशियों की भी मौत हो गयी और मकान एवं फसलें क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के लिए स्थिति बेहद पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य चला रहे हैं तथा घायलों के उपचार के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जबकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों तथा अन्य प्रभावितों के लिए अनुग्रह सहायता स्वीकृत करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने, नुकसान का सर्वेक्षण करने तथा प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का बड़ा फैसलाः पुणे-लोनावाला रेल लाइन के लिए 2550 करोड़ की वित्तीय मंजूरी

**मुंबई, 03 सितम्बर।** महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण पुणे-लोनावाला उपनगरीय रेलवे तीसरी और चौथी लाइन परियोजना में राज्य सरकार की वित्तीय भागीदारी को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री और पुणे जिले के संरक्षक मंत्री, अजित पवार के प्रयासों से यह लंबे समय से लंबित मुद्दा आखिरकार सुलझ गया है। मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) द्वारा प्रस्तुत इस परियोजना की कुल लागत लगभग 5,100 करोड़ रुपये है, जिसमें भूमि अधिग्रहण व्यय भी शामिल है। वित्तीय ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच 50:50 के अनुपात में समान रूप से साझा की जाएगी। महाराष्ट्र का हिस्सा 2,550 करोड़ रुपये है।

इस 2,550 करोड़ रुपये में से स्थानीय निकायों का योगदान इस प्रकार आवंटित किया गया हैः पुणे नगर निगम (20%) - 510 करोड़ रुपये, पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम (20%) - 510 करोड़ रुपये, और पीएमआरडीए (30%) - 765 करोड़ रुपये। शेष राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इस निर्णय से पुणे-लोनावाला उपनगरीय रेल सेवाओं पर बढ़ते यात्री भार को काफी कम करने और उनकी समग्र क्षमता में वृद्धि होने की



उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, यह पुणे और मुंबई के दो प्रमुख महानगरों के बीच संपर्क को और अधिक निर्बाध और तेज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस बीच, महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मराठा आरक्षण के फैसले के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के मुद्दों के लिए छह सदस्यीय कैबिनेट उपसमिति बनाने का फैसला किया है, जिसमें प्रत्येक पार्टी से दो मंत्री होंगे। इस कदम का उद्देश्य ओबीसी समुदाय की चिंताओं का समाधान करना है, जो राहत प्रदान करने के सरकार के प्रयासों का संकेत है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे सभी मराठों को कुनबी श्रेणी में शामिल करने पर जोर दे रहे हैं, जो ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत वगीर्कृत एक उप-जाति है, जिससे समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

## 200 करोड़ घोटालेः लीना पॉलोज को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, 03 सितम्बर।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। लीना पॉलोज ने 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के एक मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में अपनी जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई की मांग की थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह भी कहा कि मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख करना स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। सिर्फ. सर्वोच्च न्यायालय के निकट होने के कारण, हर कोई यहाँ आता है



और फिर स्थगन की मांग करता है।

पॉलोज की ओर से पेश हुए वकील ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय में हर दिन सूचीबद्ध होने के बावजूद, मामले की सुनवाई नहीं हो रही है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चंद्रशेखर और उनकी पत्नी पॉलोज, धोखाधड़ी और जबरन वसूली के जरिए आर्थिक लाभ कमाने के इरादे से 2013 से अपने सहयोगियों के साथ एक संगठित अपराध गिरोह चलाने में कथित रूप से शामिल थे। दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में कथित भूमिका के लिए सितंबर 2021 में चंद्रशेखर और उनकी पत्नी दोनों को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने चंद्रशेखर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मलविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। देश में उनके खिलाफ कई अलग-अलग जांच चल रही हैं। वे प्रवर्तन निदेशालय के एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं, और दिल्ली पुलिस ने उन्हें जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

## ईडी ने डीएमएफ मामले में छत्तीसगढ़ में छापे मारे

**छत्तीसगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में जिला खनिज निधि (डीएमएफ) के कथित दुरुपयोग की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को नए सिरे से छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि कुछ विक्रेताओं, ठेकेदारों और कथित बिचौलियों से संबंधित कम से कम 18 परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है।

ऐसा आरोप है कि छत्तीसगढ़ के बीज निगम के माध्यम से डीएमएफ निधि की एक बड़ी धनराशि का दुरुपयोग किया गया।






# उम्मीदों की चीप से हौसलों की उड़ान भरता भारत



-ललित गर्ग

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे ह्वविक्रमह्व नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है। अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि रणनीतिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। ह्वविक्रमह्व माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि यह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत बना सकते हैं।

32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही ह्वशक्तिह्व और ह्ववेगाह्व जैसे स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर पर काम कर चुके हैं। इन प्रयासों ने आधारभूमि तैयार की और आज ह्वविक्रमह्व के रूप में वह प्रयास मूर्त रूप में सामने आया है। यह न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि रक्षा, चिकित्सा उपकरणों और संचार प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। निश्चित ही चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बड़े पैमाने पर उत्पादन, उपकरण-समूह की उपलब्धता, संगणक-कार्यक्रमों का विकास, अनुप्रयोग-तंत्र का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन जैसी प्रक्रियाएँ अभी पूरी करनी होंगी। किंतु भारत ने जिस आत्मविश्वास के साथ इस दिशा में पहला कदम रखा है, वह आश्वस्त करता है कि भविष्य में हम और भी उन्नत सूक्ष्म-प्रक्रमक तैयार करने में सक्षम होंगे। ह्वविक्रमह्व केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, यह भारत की स्वाभिमानी यात्रा का घोष है। यह घोषणा है कि अब भारत केवल विज्ञान का अनुयायी नहीं बल्कि विज्ञान का निमार्ता और मार्गदर्शक बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अब शब्दों में नहीं, ठोस उपलब्धियों में आकार ले रही है।

# राहुल का हाइड्रोजन बम फुस्स..... ?



अशोक भाटिया

हाइड्रोजन बम का डिब्बा कहां है? राहुल गांधी को जैसे ही 'जल्दी करो' से मैसेज मिला, रिसर्च डिपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। 'विस्फोटक' सामग्री को जल्दबाजी में दो डिब्बों में भरकर उनके आवास पर पहुंचाया गया। दो वैज्ञानिक (वोट-चोरी की मांग?) राहुलजी बहुत खुश थे कि उन्हें वह खजाना मिल गया है जिसने पूरे देश में तबाही मचा दी थी। फिर उन दोनों ने दरवाजा खोला और बम जैसी वस्तु निकाली। उसकी पूंछ का हिस्सा खोलने के बाद, उसमें से हरे कागज का टुकड़ा निकाला गया। यह गोरखपुर निर्वाचन क्षेत्र से चोरी हुआ दस्तावेज है, यह छत, यह अहमदाबाद, यह पटना है। ऐसे एक-एक पेपर और उसमें दी गई जानकारी पढ़ने के बाद राहुल जी के मन में सभा मनाने की तीव्र ललक हुई, लेकिन उन्होंने खुद को रोक लिया। अंत में वाराणसी का पेपर निकाला गया। राहुलजी को लगा कि उन्हें हाइड्रोजन बम में इस्तेमाल होने वाले हीलियम की गंध आ रही है। सबको एक आखिरी नजर डालने के बाद, कागज फिर से अंदर रख दिया गया। वह यह कहकर बेडरूम से निकल गया कि वह बॉक्स लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाएगा।

सम्पूर्ण घटना इस प्रकार है कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' का पहला दौर खत्म हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने 16 दिनों में 23 जिलों और 1300 किलोमीटर का सफर तय कर भाजपा के खिलाफ 'वोट चोरी' वाला नैरेटिव गढ़ने का दांव चला। सासाराम से शुरू हुई यात्रा का सोमवार को पटना में समापन हो गया है। लेकिन क्या दो हफ्ते में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक का असली मकसद सफल होगा? राहुल-तेजस्वी 17 अगस्त को सासाराम से निकले और पटना तक यात्रा की। उन्होंने 'वोट चोरी' को मुद्दा बनाया और इस यात्रा का उद्देश्य भी यही था। बिहार में दो लड़कों की जोड़ी इसमें काफी हद तक कामयाब रही, लेकिन क्या उनका असली मकसद बिहार की चुनावी जंग जीतना और सत्ता में वापसी करना है?

बिहार में कांग्रेस साढ़े तीन दशकों से सत्ता से बाहर है तो आरजेडी 20 सालों से अपने दम पर वापसी नहीं कर सकी है। ऐसे में राहुल-तेजस्वी ने विधानसभा चुनाव से पहले यात्रा निकालकर सियासी माहौल बनाने की कवायद की। यात्रा में हर जगह अच्छी-खासी भीड़ जुटी और पार्टी कार्यकताओं से लेकर नेताओं तक में जोश दिखा, लेकिन क्या यह जोश बिहार की चुनावी जीत में तब्दील हो पाएगा? पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि 'वोट चोरी' के 'एटम बम' के बाद अब 'हाइड्रोजन बम' आने वाला है। हाइड्रोजन बम का असर एटम बम से सैकड़ों या हजारों गुना अधिक शक्तिशाली हो सकता है। महादेवपुरा में हमने 'वोट चोरी' का 'एटम बम' फोड़ा था। अब भाजपा के लोग सुन लें, उससे भी बड़ा 'हाइड्रोजन बम' आने वाला है, जब यह फटेगा तो नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। पटना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग अच्छी तरह सुन लीजिए। आपने एटम बम का नाम सुना है। उससे बड़ा क्या होता है? एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। महाराष्ट्र के माधवपुरा में हमने एटम बम दिखाया था। भाजपा के लोगों तैयार हो जाओ हाइड्रोजन बम आ रहा है। आपकी जो वोट चारी की सच्चाई से है वो पूरे देश को पता लगने जा रही है।

इसका मतलब साफ है कि 'वोट चोरी' पर राहुल गांधी पहले के खुलासे से कहीं ज्यादा बड़ा खुलासा करेंगे। यात्रा से बने सियासी माहौल को आगे भी बनाए रखने की कोशिश की जाएगी। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान आम लोगों से जुड़कर एक तरफ कांग्रेस में जान फूंकने की कोशिश की, तो दूसरी तरफ आम लोगों को यह समझाने की भी भरपूर कोशिश की कि उनकी यात्रा का मकसद यह है कि बिहार में एक भी वोट की चोरी न हो। ऐसे में राहुल गांधी बिहार के बचे हुए जिलों में दूसरी यात्रा की घोषणा कर सकते हैं।

किसी अखबार ने राहुल के 'हाइड्रोजन बम' पर चुटकी लेते हुए लिखा है कि बिहार यात्रा से तंग आकर वह एक पल के लिए सो गये थे और फिर उसकी आंखों के सामने अपेक्षित दृश्य तैरने लगे। वोट चुराने वाले हाइड्रोजन बम के फटने के बाद देशभर में हड़कंप मच गया है। देश भर में भाजपा कार्यालयों को नष्ट कर दिया गया है क्योंकि बम में दस लाख टन टीएनटी की क्षमता है। रेशम उद्यान ने 'खंडहर' का रूप ले लिया है। भाजपा के लोग भाग रहे हैं क्योंकि हर तरफ धुआं ही धुआं है। जैसा कि हमने बैठक में कहा कि सत्ता पक्ष के लिए अपना चेहरा दिखाने के लिए कोई जगह नहीं बची है। लोग चिल्ला रहे हैं कि विश्वगुरु हिमालय के लिए रवाना हो गए हैं। चेहरे के कालेपन से यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि कौन नेता है और कार्यकर्ता कौन है। भक्तों की उंगलियां, जो आमतौर पर टूट जाती हैं, बम में रसायन से ढकी होती हैं। भाजपा ने बम पर निशाना साधने के लिए तत्काल एक संवाददाता सम्मेलन बुलाया लेकिन जहरीले धुएं के कारण कोई बोल नहीं पा रहा था इसलिए इसे रद्द करना पड़ा। हर जगह के रिटर्निंग ऑफिसर भाग गए हैं। चुनाव आयोग के तीनों कमिश्नरों ने इस्तीफा दे दिया है और राहुलजी से माफी मांगने जा रहे हैं। विभिन्न चैनलों के भक्त एंकर भाग गए हैं और प्रगतिशीलों ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है। वोट चोरी का बम पूरी दुनिया में शुरू हो गया है और कई देशों में विपक्ष ने राहुलजी से संपर्क करना शुरू कर दिया है। ट्रम्प ने लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल को फोन किया और बधाई दी।

दोपहर में क्या हुआ, यह कहते हुए कि यह सपना सच होने का समय है, वह बॉक्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए निकल गया। भारी भीड़ में इसे पूरा करने के बाद, हर कोई राहुलजी की प्रस्तुति से प्रभावित लग रहा था। जब वह घर लौटा, तो वह टीवी के सामने बैठ गया। लेकिन कहीं कोई खबर नहीं थी। यह एक पल के लिए कुछ पोर्टलों पर देखा गया था। कोई धुआं या कुछ भी नहीं था। भाजपा खेमे में चुप्पी थी। उन्होंने अपनी पीठ पर हाथ रखा और कहा, 'चलो बेटा, बम फोड़ना तुम्हारा काम नहीं है, इससे पार्टी का केवल संगठन मजबूत होता है!'

रही सही कसर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पूरी कर दी। उन्होंने राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका एटम बम फुस्स हो गया। उन्होंने बिहार में एसआइआर पर विपक्ष के हंगामे को बूथ कैप्चरिंग की चाहत बताया। प्रसाद ने राहुल गांधी पर गैर-जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष 2024 में संविधान बदलने का डर दिखाकर हारा। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक की मतदाता सूची पर सवाल उठाने वाले राहुल का "एटम बम" फुस्स हो गया है। दुनिया में आज तक तो कोई हाइड्रोजन बम फूटा नहीं, लेकिन नेता विपक्ष इसे फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल संसद के अंदर बोलें या बाहर, उनकी बात को समझने के लिए कई प्रकार के एंटीना खोलने पड़ते हैं। बिहार में चल रहे एसआइआर पर जो घमासान छिड़ा है, उसके पीछे विपक्ष की बूथ कैप्चरिंग और घुसपैठियों की चाहत है। राहुल के पटना में दिए गए वक्तव्य पर रविशंकर ने तंज किया- राहुल गांधी को क्या हो गया है? अपने आप को इतना हल्का क्यों बना रहे हैं? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के गरिमायमी पद पर बैठे हैं। उस पद पर क्षमता से आए हैं या परिवार के कारण, यह देश जानता है, लेकिन कुर्सी पर बैठने के बाद तो आचरण कुछ मर्यादित होना चाहिए। यह देश को समझना चाहिए कि राहुल गांधी गैर-जिम्मेदार हैं।

भाजपा सांसद ने कहा, एक बार उन्होंने (राहुल गांधी) कहा था कि 5-6 साल में व्यक्ति युवा हो जाता है। दूसरी बात उन्होंने कही, तपस्या करने से गर्मी होती है। इसलिए एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनाव से क्या संबंध है, इसके लिए मुझे जानकारी प्राप्त करनी पड़ेगी। राहुल गांधी जी.... इतना अपने आप को हल्का क्यों बना रहे हैं, आप विपक्ष के नेता के पद पर हैं, इसकी गरिमा होती है।

रविशंकर ने आगे सवाल किया कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर कई सवाल उठाए हैं, लेकिन हलफनामे के मुद्दे पर वह चुप क्यों हैं? मैं तीन सवाल उठाना चाहता हूं जिनका जवाब राहुल गांधी को देना चाहिए। 1.21 लाख लोग मर चुके हैं। क्या उन्हें अब भी मतदाता सूची में रहना चाहिए? 2.35 लाख लोग अब अपने पंजीकृत पते पर नहीं रहते। क्या उनके नाम बने रहना चाहिए? 3.7 लाख नाम दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हैं। क्या उन्हें दो बार मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए? चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आपत्तियां हलफनामों के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए। राहुल गांधी इससे क्यों भाग रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि हलफनामे में झूठ बोलने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# जीवन दर्शन-सत्य का विराट,विहंगम स्वरूप



संजीव ठाकुर

## सत्य की शक्ति मानव को असीमित शक्ति अतुल्य बल प्रदान करती है

यह बात स्वामी विवेकानंद जी ने कही है। यह सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ₹सत्यमेव जयते₹ आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्त्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊजार्वान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है।

और अंत में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि

₹ सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है₹ यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।

# सनातनी दृष्टिकोण और सनातन धर्म का बढ़ता दायरा



-विक्रम दयाल

विक्रम दयाल

जीवन अध्यात्मिकता के प्रति एक शाश्वत, सार्वभौमिक और समग्र नजरिया को जीवन में दशार्ना सनातनी दृष्टिकोण है। जो धर्म (नैतिक कर्तव्य) कर्म (कार्य और उसके परिणाम) मोक्ष ( आध्यात्मिक मुक्ति) और पुनर्जन्म के सिद्धान्तों पर आधारित है। यह दृष्टिकोण ईमानदारी, अहिंसा, करूणा और आत्म-नियंत्रण जैसे शाश्वत मूल्यों पर जोर देते रहता है, आधुनिक विज्ञान और पर्यावरण चेतना के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। जिससे यह पूरे मानव समाज में एक कालातीत और व्यवहारिक जीवन दर्शन बन जाता है। समाज मैं सनातनी दृष्टिकोण के प्रमुख सिद्धांत जैसे कि धर्मः यह मानव के नैतिक कर्तव्यों और समाज में उसकी भूमिका को दशार्ता है। जिसमें सत्य और नैतिकता के सिद्धांतों के अनुरूप जीवन जीना सम्मिलित है। कर्मः यह विचार के प्रत्येक कार्य का एक परिणाम होता है। मनुष्य का कर्म ही उसके वर्तमान और भविष्य के जीवन को निर्धारित करता है। तथा मानव को एक नैतिक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। मोक्षः मनुष्य के जीवन का अंतिम लक्ष्य मुक्ति या मोक्ष प्राप्त करना होता है। जहाँ आत्मा संसार रूपी चक्र से मुक्त होकर परमात्मा के साथ मिल जाता है। पुनर्जन्मः आत्मा अमर है। मृत्यु के बाद आत्मा दूसरे शरीर मैं प्रवेश करती है। जो मानव के मोक्षप्राप्त तक जारी रहता है। सत्य(परमब्रम्ह): सनातन कि विचार परम ब्रह्म है। या यूँ कहें कि अनंत सत्य की साश्वतता मैं निहित है, जो अपरिवर्तनीय है। आंतरिक आत्मज्ञानः यह मनुष्य को उसके आंतरिक ज्ञान की ओर ले जाता है। जहाँ सभी सत्य और वास्तविकता दोनों ही उसके अंदर निहित होती है। आत्मबोधः स्वयं को सच्चिदानंद के रूप मैं अनुभव कराना, यही सनातन धर्म कि सर्वोच्च अनुभूति है। मार्ग की स्वतंत्रताः कोई एक निश्चित मार्ग नही है। साधक को स्वयं अपना मार्ग ढूँढना पड़ता है। जिसमें कोई पुरोहित या विशिष्ट समूह का होना जरूरी नही है। आधुनिक विज्ञान से संबंधः सनातन धर्म से सिद्धान्त अक्सर आधुनिक वैज्ञानिक खोजों पर जैसे क्वांटम यांत्रिकी, ब्रह्माण्ड विज्ञान, समग्र चिकित्सा से संबंध रखना है। ज्ञान और अनुभव पर आधारितः यह केवल आस्था पर आधारित धर्म नही है, बल्कि जिज्ञासा, तर्क और प्रत्यक्ष अनुभव को भी प्रोत्साहित करता है। संक्षेप मैं कहा जाय तो सनातन का दृष्टिकोण एक शाश्वत और सार्वभौमिक जीवनदर्शन है जो व्यक्ति को नैतिक, आत्म जागरूक और अध्यात्मिक रूप से पूर्ण बनने की प्रेरणा देता है। सनातन धर्म कि दायरा विश्वस्तर पर तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कई कारण हैं। जैसे योग और ध्यान जैसे पहलुओं का वैश्विक घटनाओं के बीच मूल्यों की प्रासंगिकता, जन-

संख्या वृद्धि और भारतीय संस्कृत के प्रति बाहरी लोगों का आकर्षण शामिल है। आधुनिक विज्ञान और उदार लोकतंत्र को अपनाने की अपनी क्षमता के साथ, सनातन धर्म दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोगों को आकर्षित कर रहा है। सनातन का विश्व मैं दायरा बढ़ने के कई कारण हैं। जैसे वैश्विक आकर्षणः योग, ध्यान, माइंडफुलनेस जैसे सनातन धर्म के सिद्धान्त मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य लाभ के कारण दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है। आधुनिक अनुकूलन क्षमताः सनातन धर्म ने आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी घटना और वैश्वीकरण को अपनाया है। जो सनातन को आजकी दुनियां में प्रासंगिक बनाता है। मूल्यों की प्रासंगिकताः अहिंसा, सत्य और करुणा जैसे सनातन धर्म के सिद्धान्त आजकी दुनिया मैं बहुत ही महत्वपूर्ण है। खासकर जब समाज में कई बुराइयाँ तेजी से फैल रही हैं। जनसंख्या वृद्धिः हिंदू समुदाय मैं जनसंख्या वृद्धि भी इसके अनुयायियों की संख्या में वृद्धि का एक कारक है। जिससे सनातन का दायरा बढ़ रहा है। सांस्कृतिक प्रभावः भारतीय संस्कृत और प्राचीन ज्ञान के प्रति आकर्षण के कारण कई विदेशी नागरिक सनातन धर्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं। और सनातन धर्म की दीक्षा भी ले रहें हैं। सरकारी पहलः भारत मैं विशेष रूप से राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद सनातन धर्म की लोकप्रियता और बढ़ी है। जिससे सनातन धर्म के बारे में और जागरुकता बढ़ी है। सनातन धर्म का उदय न केवल अध्यात्मिक अनुयायियों तक सीमित है, बल्कि वैज्ञानिक, कला, और संगीत से जुड़े लोग भी आज सनातनधर्म में रुचि दिखा रहें हैं।

# एसआईआर की प्रक्रिया जारी रहने का आदेश स्वागतयोग्य

बिहार में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लगातार चर्चा में है। जहां एक तरफ इसे लेकर शुरू की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में विपक्षी नेताओं की रैली के साथ समाप्त हुई, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर नए आदेश जारी करते हुए मतदाता सूची सुधार का कार्य आगे भी जारी रहने का निर्देश जारी किये हैं, यह निर्देश स्वागतयोग्य है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पूरा प्रकरण आखिरकार कैसा मोड़ लेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर किस तरह का असर डालेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार के मतदाता 1 सितंबर के बाद भी दावा या आपत्ति कर सकेंगे। यह निर्देश बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी भी राजनीतिक दलों की शिकायतें दूर नहीं हुई हैं। ज्यादातर आम लोगों की शिकायतों का निवारण कर दिया गया है, पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के लिए एसआईआर की खामी एक बड़ा मुद्दा है। महागठबंधन में शामिल दल इस मुद्दे में विवाद खड़े करने में ही अपने चुनावी हित देख रहे हैं। हालांकि, न्यायालय ने उचित ही बताया है कि मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर असमंजस की स्थिति काफी हद तक ह्वविश्वास का मामलाह्व है। इसका मतलब, जो राजनीतिक अविश्वास है, उसे दूर करने के लिए स्वयं दलों को सक्रिय होना पड़ेगा। न्यायालय की इस सलाह पर राजनीतिक दलों को गौर करना चाहिए और इस प्रक्रिया को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि चुनाव सुधार एक सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर सभी राजनीतिक दल यह ठान लें, तो चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकता है। वास्तव में, मतदाता पुनरीक्षण का काम राजनीतिक दलों को अपने स्तर पर लगातार जारी रखना चाहिए, इससे लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित होगी एवं चुनाव की खामियों को सुधारा जा सकेगा।

वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं। वैसे इस तरह की संवैधानिक प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक रंग देना, विडम्बनापूर्ण है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है विपक्षी नेताओं द्वारा कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को आरोपों के दायरे में शामिल रखा जाना। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी नेता चुनाव आयोग और सरकार को घेरते हुए यह मुद्दा बार-बार उठाते रहेंगे। विपक्षी दल इस विषय में जिस तरह की नकारात्मकता दर्शा रहे हैं, वह भी प्रश्नों के घेरों में एवं अतिश्योक्तिपूर्ण है। क्योंकि यह अत्यंत सामयिक और संवेदनशील है। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया, एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए वोटर अधिकार यात्रा निकालना और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, लोकतंत्र की सेहत और स्थायित्व को धुंधलाता है।सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जहां तक सवाल है तो वहां भी विपक्षी दल और चुनाव आयोग एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते नजर आए। जहां विपक्षी दलों के वकील इस प्रक्रिया की खामियों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते रहे, वहीं चुनाव आयोग के वकील ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या इस प्रक्रिया में नहीं, बल्कि उस मानसिक सोच में है, जो आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। उनके मुताबिक दूसरे पक्ष की मानसिकता ही खोट निकालने की हो गई है। इसमें दो राय नहीं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को यथासंभव उपयुक्त ढंग से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

## कला विकास मंडल पवई द्वारा गणेशोत्सव के साथ साथ अन्य उपक्रमों का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पवई कला विकास मंडल, की ओर से पिछले ५१ वर्षों से सार्वजनिक गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। गत वर्ष मनाया गया स्वर्ण महोत्सव मंडल की गौरवशाली परंपरा और समाजसेवा की अखंड धारा का प्रतीक है। बता दें कि मंडल द्वारा पवई के विद्यालयों में ६०० से अधिक विद्यार्थियों की शिक्षा-शुल्क सहायता, साथ ही रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण, अंगनवाड़ी व समाज कल्याण केंद्र जैसे उपक्रम वंचित समाजघटक के जीवन में आशा, सहारा और सशक्तिकरण का संचार कर रहे हैं।

इस वर्ष मंडल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राजदरबार की कलाकृति साकार कर संस्कृति और परंपरा के पुनर्जागरण का संदेश दिया है। विशेषतः, महाराष्ट्र के बारह गढ़-किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान मिलने के गौरव के साथ यह कलाकृति समाज को यह प्रेरणा देती है कि जैसे शिवाजी महाराज ने हिंदुत्व की ज्योति प्रज्वलित रखी, वैसे ही आज भी उस चेतना को समाजजीवन में जीवित रखना आवश्यक है।

## उद्योगपति गिरजेश सिंह ने गणपति बप्पा के दरबार में लगाई हाजिरी, चरणों में उपहार अर्पित कर लिया आशीर्वाद



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर में गणेशोत्सव की भव्य धूम के बीच गणपति बप्पा के दर्शन-पूजन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार, 27 अगस्त 2025 को अलग-अलग मंडलों में गणपति बप्पा की स्थापना बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई। इसी कड़ी में बोईसर शहर (पूर्व) यादव नगर स्थित युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट के भव्य गणेश पंडाल में पहुंचे शहर के प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्योजक गिरजेश राजकिशोर सिंह ने गणपति बप्पा के चरणों में उपहार अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने बप्पा से बोईसरवासियों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के बाल गोपालों की टीम ने पारंपरिक तरीके से मान्यवरों का तिलक, पूजनीय टोपी, सम्मान पट्टा और हनुमान चालीसा की प्रति भेंट कर स्वागत किया। वहीं ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष जयकुमार पटवा ने गणपति पंडाल में पधारने हेतु सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उद्योगपति गिरजेश राजकिशोर सिंह के साथ वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी व अजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और बाल गोपालों की टीम मौजूद रही।

## निलेश नगरकर के निवास पर विराजे विघ्नहर्ता गणेश व माता गौरी को दी गई भावभीनी विदाई



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर स्थित ओसवाल एम्पायर में वरिष्ठ पत्रकार निलेश नगरकर के निवास स्थान पर इस वर्ष भी गणेशोत्सव का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार, 27 अगस्त 2025 को नगरकर परिवार ने घर पर विधि-विधान से विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश एवं माता गौरी का आगमन कराया। पूरे सप्ताह नगरकर निवास भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा। गणपति बप्पा और गौरी माता के आगमन पर प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती एवं भजन-संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान आसपास के श्रद्धालु, रिश्तेदार व नगरकर परिवार के मित्रगण बड़ी संख्या में दर्शन व आशीर्वाद हेतु पहुंचते रहे। मंगलवार, 2 सितंबर 2025 को पूरे विधि-विधान से हवन, पूजन एवं आरती संपन्न की गई। इसके बाद नगरकर परिवार ने नम आंखों और भावभीने हृदय से गणपति बप्पा और माता गौरी को विदा किया। विदाई के समय ₹गणपति बप्पा मोरया, पुन्हा वर्षी लवकर या₹ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर नगरकर परिवार के सभी सदस्य, रिश्तेदार, इष्ट-मित्र तथा समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से गणेश आरती में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्ति, उल्लास व आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

## सैमसंग ने एआई इनोवेशंस, बेहतर ड्यूरैबिलिटी और ओआईएस इनेबल्ड नो-शेक कैमरा के साथ लॉन्च किया स्टाइलिश गैलेक्सी A17 5G

**पटना।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपना सबसे किफायती गैलेक्सी अ सीरीज एआई स्मार्टफोन गैलेक्सी A17 5G लॉन्च किया। यह 7.5 mm पतला और अपने सेगमेंट का सबसे स्लीक फोन है। इसका वजन सिर्फ 192 ग्राम है, जिससे इसे पकड़ना और इस्तेमाल करना आसान है। गैलेक्सी A17 5G, गैलेक्सी A16 5G की सफलता को आगे बढ़ाता है, जो भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स में से एक है। गैलेक्सी A17 5G ने भारत में ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिए फ्लैगशिप इनोवेशन लाने की गैलेक्सी अ सीरीज की विरासत को आगे बढ़ाया है। गैलेक्सी A17 5G के साथ, उपभोक्ताओं को स्टाइलिश और स्लीम डिजाइन, भरोसेमंद प्रदर्शन, और किफायती कीमत पर स्मार्ट एआई फीचर्स मिलते हैं। गैलेक्सी A17 5G में सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ एआई फीचर्स, डिस्प्ले, कैमरा, सुरक्षा फीचर्स, कॉलिंग अनुभव और ओएस अपग्रेड्स हैं, जो इसे त्योहारी सीजन के लिए सैमसंग के सबसे बढ़िया ऑफर्स में से एक बनाते हैं।

# भिवंडी में फ्लाईओवर पर दो तेज रफ़्तार कारों की टक्कर, बाइक सवार की पुल से गिरने से हुयी मृत्यु

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के हिन्दू हृदय सम्राट स्व. बालासाहेब ठाकरे उडानपुल पर बुधवार शाम लगभग 4.30 बजे दो तेज रफ्तार कारों की जोरदार टक्कर हुई टक्कर में कार घूम गई और कार के पीछे आ रहे बाइक सवार की कार से टकराकर सीधे बाइक से उछलकर नीचे सड़क पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। मृतक बाइक सवार की पहचान अंजुर निवासी 32 वर्षीय राहुल दादाराम तरे के रूप में हुई है। बतादें कि कार चालक मिल्लत नगर निवासी अब्दुल्ला मोहम्मद इलियास अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया है।



पुलिस के अनुसार होंडा सिटी कार संख्या टल्ल 43 अऋ1601 का चालक अब्दुल्ला मोहम्मद इलियास अंसारी भिवंडी से कल्याण की ओर तेज रफ़्तार से गाड़ी चला रहा था। जब वह अरिहंत सिटी के सामने पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रही महिंद्रा एक्सयूवी कार क्रमांक एमएच 48 बीएच 8198 से उनकी टक्कर हो गई। जिससे दोनों कारों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार चालक अब्दुल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं महिंद्रा एक्सयूवी कार में लगे एयरबैग खुल जाने से उसकी जान बच गई और उसे मामूली चोटें आईं। इस दुर्घटना में होंडा सिटी कार मौके पर ही पलट गई और उसी समय होंडा सिटी कार के पीछे से आ रहे एक दोपहिया वाहन ने कार को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन सवार राहुल तरे फ्लाईओवर से सीधे 50 फीट नीचे सड़क पर जा गिरा।

जिसमें राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। इस फ्लाईओवर पर पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें फ्लाईओवर से सीधे नीचे गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो चुकी है। राहुल की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद अंजुर गांव में शोक छा गया है।

## युवा शक्ति मित्र मंडल द्वारा सार्वजनिक गणेश उत्सव मनाया गया



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड काशीमीरा धारावी देवी रोड मसाचा पाड़ा में गणपति उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हरसूउल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर दर्शन करने पहुंचे शहर के माजी महापौर श्रीमती ज्योत्सना हसनाले , भाजपा नेता व जिला संगठन महामंत्री श्री अनिल भोसले, प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष नितेश सिंह, सुशील यादव, के साथ-साथ गणपति बप्पा के दर्शन करने भारी संख्या में आए हुए अतिथियो का मंडल अध्यक्ष लालबाबू शर्मा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव सुरेश कुमार शर्मा, उपसचिव रमेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, उपकोषाध्यक्ष अनिल तिवारी, सदस्य लता कदम, श्रवण सिंह, दुर्गेश, प्रमोद यादव, शिव पूजन पाल, चंद्रिका, रोहित, धर्मेंद्र शर्मा, लाल बाबू के शर्मा, राम प्रसाद, विनोद, राधे, जय राम ठाकुर, बलराम पाल, बाबूराम, इत्यादि सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरसात से हुवे नुकसान की भरपाई मिले - तहसीलदार को निवेदन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** बीते दिनों भारी बारिश के कारण कल्याण पूर्व के वालधुनी और अशोकनगर इलाके में जलभराव के चलते नागरिकों का काफी नुकसान हुआ। इन लोगों को प्रशासन की तरफ से मुआवजा देने की राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार) पार्टी ने की। इस संदर्भ में राष्ट्रवादी के कल्याण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विक्रांत जगन्नाथ शिंदे के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने कल्याण तहसीलदार को निवेदन सौंपा। इस मौके पर जिला सरचिटणीस मनोज नायर, संतोष पाटिल, गोरख शिंदे, समर्थ माशाल, नीलम पगारे, शबनम शेख, दुर्गा नाईक, ऋषभ रावत आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि बीती 18 और 20 अगस्त को मुंबई सहित उपनगरों में बारिश से बुरा हाल था। कल्याण के कई निचले इलाकों में जलभराव देखा गया।

वहीं वालधुनी और अशोकनगर परिसर में बारिश का पानी घरों में घुसने लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। विक्रांत शिंदे ने मांग की है कि, जलभराव से पीड़ित लोगों का पंचनामा कर उन्हें प्रशासन की तरफ से उचित मुआवजा दिया जाए।

# अजय पीरामल ने अनंत के नए संकाय और स्नातक आवास का किया अनावरण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष श्री अजय पीरामल ने 1 सितंबर 2025 को यूनिवर्सिटी नेतृत्व के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में अहमदाबाद में अनंत के नवीनतम भवन, संकाय और स्नातक आवास का उद्घाटन किया। यह आयोजन अनंत समुदाय के सदस्यों को एक जीवंत जीवन अनुभव प्रदान करने की यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



प्रशंसित ऋषभ पारेख डिजाइन स्टूडियो (आरपीडीएस) द्वारा डिजाइन की गई इस नवनिर्मित सुविधा का निर्मित क्षेत्रफल 26,475 वर्ग मीटर है और इसमें स्टूडियो अपार्टमेंट और 1, 2 और 3 बीएचके घरों सहित 172 अपार्टमेंट शामिल हैं। यह एक सच्चा घर-से-दूर-घर जैसा है, जिसे बारीकी से और सावधानी से तैयार किया गया है। इस आवास में सोच-समझकर डिजाइन किए गए कॉमन स्पेस, एक व्यायामशाला, योग कक्ष, कैफे और एक आगंतुक लाउंज भी है। सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यह आवास सभी कॉमन एरिया में सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित है और अनंत की समर्पित सुरक्षा टीम द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी की जाती है।

इस यात्रा के दौरान श्री पीरामल ने संकाय सदस्यों और छात्रों से भी बातचीत की और उन्हें अपने जुनून का पालन करने और अपनी रचनात्मकता का उपयोग करके वैश्विक प्रभाव वाले समाधान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसके लिए अनंत नेशनल यूनिवर्सिटीउन्हें तैयार करता है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है, और आप भविष्य हैं। आप अपनी डिजाइन सोच से बदलाव ला सकते हैं और ऐसे समाधान विकसित कर सकते हैं जो भारत के लिए अद्वितीय और वैश्विक रूप से प्रासंगिक हों। अनंत आपको प्रभावशाली समाधान तैयार करने का अवसर और अवसर प्रदान करता है।

# महेश गायकवाड़ के घर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण

- कल्याण की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म
- क्या महेश गायकवाड़ शिंदे की शिवसेना को राम - राम करेंगे

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कल्याण पूर्व में शिवसेना पार्टी के पूर्व शहर प्रमुख महेश दशरथ गायकवाड़ के घर जाकर उनके घर पर श्री गणेश बप्पा के दर्शन किए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी और महेश गायकवाड़ के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। पिछले विधानसभा चुनाव में शिवसेना-भाजपा गठबंधन द्वारा भाजपा उम्मीदवार तय करने के बाद महेश गायकवाड़ ने पार्टी से अलग होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।



जनता ने महेश को 55 हजार वोट देकर सम्मान दिया था। लेकिन बगावत के कारण शिवसेना ने महेश को पार्टी से बाहर निकाल दिया 10 महीने बाद भी शिवसेना शिंदे गुट ने अभी तक महेश गायकवाड़ को पार्टी में स्वीकार नहीं किया। इस वजह से राजनीतिक गलियारों में कयास लगाए जा रहे हैं। कि महेश गायकवाड़ और रविंद्र चव्हाण के बीच कुछ पक रहा है।

## ऑरेलिया, अग्रणी महिला एथनिक वियर ब्रांड, ने अनन्या पांडे को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत के सबसे पसंदीदा वीमेंस एथनिक वेयर ब्रांड ऑरेलिया ने आज बॉलीवुड की अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही ब्रांड ने अपना हाई-एनर्जी फेस्टिव कैंपेन #HameshaTrending भी लॉन्च किया है, जो आधुनिक भारतीय महिला के लिए तैयार किए गए नए फेस्टिव कलेक्शन को दशार्ता है। यह कलेक्शन पारंपरिक एथनिक वेयर को समकालीन अंदाज और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ नए रूप में पेश करता है। इस साझेदारी के साथ ऑरेलिया ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया है, जो महिलाओं को हमेशा ट्रेंड में, स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर बनाए रखता है।




अनन्या पांडे ने कहा, मेरे लिए फैशन का मतलब है कॉन्फिडेंस और अपने स्टाइल को एंजॉय करना, और ऑरेलिया इसमें परफेक्ट फिट बैठता है। मुझे इसका एथनिक वेयर बहुत पसंद है, क्योंकि ये हमेशा फ्रेश, वाइब्रेंट और ऑन-ट्रेंड लगता है। मेरा स्टाइल मजेदार, ईजी और वसेर्टाइल है, और #HameshaTrending कैंपेन में वही वाइब्स कमाल तरीके से कैप्चर की गई हैं। इस ब्रांड का चेहरा बनना मेरे लिए सुपर एक्साइटिंग है!

अनंत डागा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी-टीसीएनएस डिवीजन, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने कहा, अनन्या का जीवंत व्यक्तित्व और उनका मजबूत फैशन कनेक्ट, ऑरेलिया की आत्मा से पूरी तरह मेल खाता है। वह आज की उस महिला का प्रतिनिधित्व करती हैं जो हर समय प्रासंगिक, आत्मविश्वासी और सहज रूप से फैशनेबल दिखना चाहती है। #HameshaTrending के माध्यम से हम इस भाव को जीवंत करने और त्योहारों के मौसम की शुरूआत करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अनन्या और ऑरेलिया मिलकर जीवंतता, शालीनता और उत्सव का प्रतीक हैं—यही सब कुछ इस मौसम को परिभाषित करता है। हमें खुशी है कि वह हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में हमारे साथ जुड़ी हैं।

# मनपा द्वारा प्रभाग रचना की घोषणा, 23 प्रभागों में होंगे 90 सदस्य

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी महानगर पालिका की चुनावी हलचल शुरू हो गयी है जहां लोग अपने-अपने प्रभागों में मोर्चा बनाने में लगे हैं वहीं भिवंडी महानगर पालिका चुनाव विभाग ने वार्ड संरचना के अनुसार भिवंडी महानगर पालिका 2011 की जनगणनानुसार 7 लाख 9 हजार 665 जनसंख्या के आधार पर 2017 की प्रभाग संरचना को ध्यान में रखते हुए 90 सदस्यों के लिए 23 प्रभाग की संरचना तैयार की है। 3 सितंबर को आयुक्त की स्वीकृति से सहायक आयुक्त (चुनाव) नितिन पाटिल ने वार्ड संरचना का प्रारूप जारी कर दिया है। 2011 की जनगणना के अनुसार 7 लाख 9 हजार 665 जनसंख्या अनुपात मानकर यह प्रभाग संरचना तैयार की गई है। कुल 23 प्रभाग हैं जिनमें से 21 प्रभाग चार सदस्यीय और 2 प्रभाग तीन सदस्यीय होंगे। इसमें से प्रभाग नंबर 17 की आबादी सबसे ज्यादा 34,474 है जबकि प्रभाग नंबर 15 की आबादी सबसे कम 25,919 है। मनपा द्वारा जारी




इस प्रभाग संरचना पर किसी को कोई आपत्ति है तो वे 15 सितंबर दोपहर 3 बजे तक अपनी आपत्तियां दर्ज करा दें। मनपा प्रशासन ने बताया है कि आपत्तियां और सुझाव दर्ज कराने वालों को अलग से सूचित किया जाएगा। प्रभाग संरचना तैयार करते समय तीन सदस्यीय प्रभाग संरचना के लिए औसत जनसंख्या अनुपात 23656 और चार सदस्यीय प्रभाग संरचना के लिए 31541 माना गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार शहर में अनुसूचित जाति 21820 और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 8178 है।

## सिम्पलीवर्क का 250,000 वर्ग फुट लीज स्पेस के साथ महाराष्ट्र में विस्तार

**मुंबई।** कार्यस्थल की प्राथमिकताओं में डायनामिक शिफ्टिंग से प्रेरित होकर, भारत के अग्रणी आउटसोर्स ऑफिस प्रोवाइडर्स में से एक, सिम्पलीवर्क ऑफिसेज, तेजी से विकास की राह पर है और रणनीतिक रूप से भारत के महानगरों के प्रमुख सूक्ष्म बाजारों को लक्षित कर रहा है। ग्रेड ए विकास में उच्च-गुणवत्ता वाले प्रबंधित कार्यालय प्रदान करने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी बड़े उद्यमों, विशेष रूप से देश में परिचालन स्थापित करने वाले वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की बढ़ती संख्या की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसके अलावा, इसने वित्त वर्ष 2025-26 में रेडी-टू-मूव-इन कार्यालयों को शामिल करने के लिए अपने डिजाइन और वितरण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। यह कदम उद्यमों और जीसीसी के बीच लचीले, स्केलेबल समाधानों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है जो दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं को कम करते हैं और त्वरित कार्यान्वयन को सक्षम बनाते हैं। भारत में प्रवेश करने वाले कई नए जीसीसी त्वरित इनक्यूबेशन प्रारूपों की तलाश कर रहे हैं, जिनकी शुरूआत 50-75 सीटों वाले पॉड से होगी और 12 से 24 महीनों के भीतर 500-1000 सीटों तक विस्तार किया जाएगा। तेजी से बढ़ती टीमों और परियोजना-आधारित इकाइयों के लिए डिजाइन किए गए, ये रेडी-टू-मूव-इन स्थान पारंपरिक 90-120 दिनों के सेटअप समय को घटाकर केवल 1-2 सप्ताह कर देते हैं। इसके अतिरिक्त, रेडी-टू-मूव-इन मॉडल सैटेलाइट कार्यालयों और हाइब्रिड कार्यस्थल की जरूरतों को पूरा करता है, और कई स्थानों पर वितरित, उच्च-गुणवत्ता वाले सेटअप प्रदान करता है। सिर्फ महाराष्ट्र में, सिम्पलीवर्क ने लगभग 250,000 वर्ग फुट का प्रीमियम कार्यस्थल लीज पर दिया है: मेपल ट्री, ग्लोबल बिजनेस सिटी - खराडी, कैपिटललैंड आईटीपीपी - खराडी और ईऑन फ्री जोन - खराडी, पुणे में; साथ ही सनराज कॉर्पोरेट पार्क, मलाड, और गोदरेज आईटी पार्क, विक्रोली, मुंबई में। ये कदम महानगरों के सूक्ष्म बाजारों पर इसके फोकस को दशार्ते हैं ताकि गहन अनुकूलन के साथ प्लग एंड प्ले चपलता प्रदान की जा सके, खासकर जीसीसी और तकनीकी फर्मों के लिए जहाँ पैमाना, सुरक्षा और अनुभव महत्वपूर्ण हैं।

## बीएफएसआई वर्कफोर्स को मजबूत बनाने के लिए Career247 की पहल

**मुंबई।** अड्डा एजुकेशन के स्किलिंग और हायर एजुकेशन वाले वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म Career247 ने पुणे में अपना पहला स्कूल ऑफ बैंकिंग शुरू किया है। यह कदम भारत के बैंकिंग सेक्टर के लिए जॉब-रेडी टैलेंट तैयार करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। Career247 अब तक अपनी स्किलिंग पहलों के जरिए 20 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को फायदा दे चुका है और भारत की वर्कफोर्स कैपेसिटी को मजबूत करने के लिए 30 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर चुका है। अब इसने एक्सिस बैंक के साथ पार्टनरशिप में पुणे में पहला स्कूल ऑफ बैंकिंग शुरू किया है। अपनी पहली पार्टनरशिप के तौर पर Career247 ने एक्सिस बैंक के साथ हाथ मिलाया है। इसके तहत दो खास जॉब-लिंक्ड प्रोग्राम प्रायोरिटी बैंकिंग रिलेशनशिप मैनेजमेंट और एक्सिस सेल्स एकेडमी शुरू किए गए हैं। Career247 जल्द ही भारत के कई बड़े बैंकों और वित्तीय सेवाओं की कंपनियों के साथ मिलकर ऐसे और भी एम्प्लोयेमेंट-फर्स्ट लर्निंग प्रोग्राम शुरू करेगा। अड्डा एजुकेशन के सीईओ- स्किलिंग एंड हायर एजुकेशन बिमलजीत सिंह भसीन ने कहा, 'पुणे में हमारा पहला स्कूल ऑफ बैंकिंग शुरू होना हमारे मिशन का एक बड़ा कदम है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# डिजिटल एडिक्शन युवाओं के भविष्य के लिए खतरा: प्रो.अजय प्रताप सिंह

## विश्वविद्यालय में डिजिटल एडिक्शन पर कार्यशाला आयोजित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को वेलनेस सेंटर एवं व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ह्वडिजिटल एडिक्शनह्व विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में तेजी से बढ़ रही मोबाइल और इंटरनेट की लत के दुष्परिणामों पर जागरूक करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता वेलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल की लत में अपने जीवन का अमूल्य समय गंवा रही है। किसी भी चीज की लत तब खतरनाक हो जाती है जब वह व्यक्ति के नियंत्रण से बाहर हो जाए। डिजिटल एडिक्शन युवाओं के भविष्य के लिए खतरा है।उन्होंने बताया कि मोबाइल पर रील्स या गेम्स देखने के दौरान मस्तिष्क से डोपामाइन हार्मोन स्रावित होता है, जिससे क्षणिक खुशी तो मिलती है लेकिन यही प्रक्रिया धीरे-धीरे लत में बदल जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जीवन की सच्ची खुशी अच्छे कार्यों और रचनात्मक गतिविधियों में खोजी जानी चाहिए। अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि युवा आज मोबाइल की आभासी दुनिया में भटक रहा है। जिससे वास्तविक जीवन से उसका जुड़ाव कम होता जा रहा है। उन्होंने मोबाइल की अति-निर्भरता के कारण बढ़ते साइबर अपराधों पर भी चिंता व्यक्त की। वेलनेस सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और समय ही देश के विकास की धुरी है। यदि यह ऊर्जा डिजिटल एडिक्शन में नष्ट होगी तो राष्ट्र निर्माण बाधित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि मोबाइल पर अनावश्यक समय गंवाने के बजाय इसे रचनात्मक कार्यों में लगाएं। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि यदि उनमें डिजिटल एडिक्शन के लक्षण हैं तो घबराने के बजाय परामर्श (काउंसलिंग) लें और समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल को हर समय पास रखें और अनावश्यक नोटिफिकेशन बंद कर दें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को डिजिटल एडिक्शन पर आधारित एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया। जिससे उन्हें इस समस्या को गहराई से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. चंदन सिंह, डॉ. अमित मिश्र, अर्पित यादव, आनंद सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# एंटी रोमियो टीम ने शाहगंज पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली शाहगंज की एंटी रोमियो टीम ने शाहगंज पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में पहुंचकर छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष कुमार मौर्या ने की। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक शाहगंज दीपेंद्र सिंह के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम ने किया। टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 व 108 स्वास्थ्य सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध शामिल हैं।इसके साथ ही टीम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं ,विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार मौर्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होती हैं। एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में वे तत्काल पुलिस या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं, महिला शिक्षकगण और कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।



# जौनपुर में मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने जुलूस-ए-अमारी में किया फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन

शाहगंज जौनपुर (उत्तरशक्ति)।स्थिति कस्बा बड़ा गाँव मे हर साल के दस्तूर के मुताबिक एतिहासिक जुलूस ए अमारी का जुलूस निकाला गया जिसमें मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले एक सबील निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।यह संस्था विगत वर्षों से जाती धर्म की भावना से ऊपर उठ कर समय समय पर मरीजों विद्यार्थियों और जरूरत मंद की यथा सम्भव सेवा करती रही है।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी आयी हुई अंजुमनो और श्रद्धालूओ ने निशुल्क सलाह के अलावा निशुल्क औषधि प्राप्त की, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आशीर्वाद हॉस्पिटल के स्टाफ के अलावा डॉ फैज़उल्ला एमबीबीएस लखनऊ, डॉ सुनील कुमार आर्थो,डॉ. विवेक कुमार फैमिली क्लिनिक सराय मोहिनउद्दीनपुर, अमित कुमार, डॉ मो. तैयब दंत एवं मुख सौदर्य विशेषज्ञ शाहगंज, डॉ मकसूद अहमद गरीब कल्याण हॉस्पिटल एवं आइ हॉस्पिटल जौनपुर, डॉ मोफीद अहमद फिजियो थिरेपी हमजापूर, डॉ नंद लाल प्रजापति फिजियो थिरेपी ने उपस्थित होकर जनता की सेवा की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष एलआईसी अभिकर्ता हुसैन हैदर के साथ उपाध्यक्ष शबीह हैदर व मोहम्मद सिबलू, राहुल राज, गुलाम अब्बास, मोहम्मद हसीब, निजाम अहमद, मौलाना मोहम्मद हसन, आदि का विशेष सहयोग रहा।



# बेअसर दिख रहा है नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान

जौनपर(उत्तरशक्ति)। नो हेलमेट नो फ्यूल की रणनीति लागू है, लेकिन यह नियम शहर से लेकर गांव तक पेट्रोल पंपों पर नहीं दिखा। धड़ल्ले से बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा है। अब एक बार फिर एआरटीओ व यातायात विभाग की ओर से अभियान चलाकर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने आने वाले की खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार से शुरू हुए नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान की हकीकत कमजोर दिख रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों को सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से यह नियम लागू करने की घोषणा की गई थी। सोमवार और मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख बाजारों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों पर बाइक सवार बिना हेलमेट के पेट्रोल भराते देखे गए। कचहरी रोड स्थित पंप पर बाइक चालकों की काफी भीड़ दिखी। इस भीड़ में कुछ बाइक चालक हेलमेट, तो कुछ बिना हेलमेट लगाए ही पेट्रोल डलवाते दिखे। हालांकि ज्यादातर बाइक सवारों ने नियम की जानकारी न होने की बात कही। ऐसे में सड़क हादसे में कमी लाने की मुहिम चुनौती भरी होगी। इस संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन एसके सिंह ने बताया कि बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले के खिलाफ कार्रवाई की गई, इस दौरान करीब 12 वाहन चालकों का चालान किया गया है यह अभियान एक महीने तक चलेगा।

# मछलीशहर के समाजसेवी वहीदुल हक उर्फ गुड्डू कुरैशी ने दर्जनों समर्थकों के साथ एआईएमआईएम पार्टी की ली सदस्यता

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मछलीशहर नगर के मोहल्ला कोतवाली में स्थित कैम्प कार्यालय पर बैठक में एआईएमआईएम ज़िला अध्यक्ष इमरान बंटी के हाथों मछलीशहर के समाजसेवी वहीदुल हक उर्फ गुड्डू कुरैशी ने दर्जनों समर्थकों के साथ एआईएमआईएम पार्टी की सदस्यता ली। कैम्प कार्यालय पर हुई मछलीशहर नगर की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करें। सदस्यता अभियान चला कर सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें ।समस्त वार्डों की कमेटी गठित कर जिला कार्यालय को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर अधिकारी से मुलाकात करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयुक्त सचिव डॉक्टर मकसूद, मोहम्मद अकरम, जिला सचिव कामरान अहमद, नगर अध्यक्ष तौसीफ अंसारी, तारिक, नसीम, मिर्जा शानु, सोनू, शम्स कुरैशी, अब्दुल हमीद खान, समीर राइन, अकिफ कुरैशी, शाहजमान राइन, राजू खान, फैयाज अंसारी मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं का किया निवारण, कई विभागों को समझाया कार्यभार

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।



# संस्थापक दिवस पर दुर्गा जी विद्यालय में हुई एनसीसी के 98 बटालियन के सब-यूनिट की स्थापना

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। माँ दुर्गा जी विद्यालय सिद्दीकपुर के संस्थापक स्व0 डॉ0 छविनाथ सिंह जी की 81वीं जयंती के उपलक्ष्य में एनसीसी की 98यूपी बटालियन जौनपुर की सब-यूनिट का स्थापना समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र व विशिष्ट अतिथि एनसीसी 98 यूपी बटालियन जौनपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आलोक धर्मराज सिंह ने अपने हाथों से विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना व निदेशक सूर्यांश प्रकाश सिंह को एनसीसी का मान्यता पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के संस्थापक की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि प्रकट किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने अतिथियों का वायु शोधन पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बच्चों से कहा कि ये गौरव की बात है कि आप के विद्यालय को एनसीसी की मान्यता मिली है, अच्छी शिक्षा देने में यह विद्यालय जिले में अग्रणी तो है ही अब अच्छा अनुशासन के साथ साथ बच्चों के व्यक्तित्व का सवार्गीण विकास भी होगा। भविष्य में ये बच्चें देश और समाज की सुरक्षा में भी योगदान देंगे।



इस प्रयास के लिए उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक तंत्र की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि कर्नल आलोक सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को एनसीसी के उद्देश्यों एवं महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष की ट्रेनिंग के बाद न सिर्फ बच्चों को एनसीसी सर्टिफिकेट मिलेगा साथ ही ये बच्चें भविष्य में आपदा में भी प्रशासन के अग्रणी भूमिका निभाएंगे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थिति रहें।

# हाईकोर्ट इलाहाबाद ने रिकाउंटिंग के मामले में सभी प्रत्याशियों को जारी किया नोटिस

## मामला नगर पंचायत केराकत के सिपाह प्रथम वार्ड नंबर 9 का

केराकत,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत केराकत मोहल्ला सिपाह प्रथम वार्ड नंबर 9 सभासद पद की पुनः मतगणना के मामले में वाद संख्या 3/2023 मोहम्मद असलम खान बनाम कयाम खान में अतिरिक्त न्यायाधीश प्रथम जौनपुर के द्वारा दिनांक 16/7/2025 को चुनाव याचिका निरस्त किए गए आदेश के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अपील रिट सी. नंबर 29393/2025 दाखिल उपरोक्त चुनाव याचिका संख्या 03/2023 मोहम्मद असलम खान बनाम कयाम खान मोहल्ला सिपाह प्रथम वार्ड नंबर 9 नगर पंचायत केराकत जौनपुर में पुनः मतगणना के प्रकरण में अतिरिक्त न्यायाधीश प्रथम जौनपुर के द्वारा सिर्फ कयाम खान के वोट (मत) को ही गिनवाया गया और बाकी जितने भी सभासद के प्रत्याशी थे उनके मतों की गिनती नहीं कराई गई। यहां तक की जो निरस्त मत थे उनकी भी गिनती नहीं कराई गई। मोहम्मद असलम खान ने पूरे मत पत्रों की गिनती के लिए प्रार्थना पत्र दिया तथा सीसी कैमरा भी मँगवाने का आग्रह किया। ना तो पूरे मत पत्र की गिनती की गई ना ही सीसी कैमरा मँगवाया गया। लगभग 2 वर्षों से अधिक इस प्रकरण को न्यायालय में लंबित रखा गया। और पूरे मत पत्रों की पुनः मतगणना भी नहीं कराई गई। चुनाव याचिका निरस्त कर दी गई। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में चुनाव याचिका निरस्त के खिलाफ मोहम्मद असलम खान के द्वारा अपील रीट सी. नंबर 29393/ 2025 दाखिल की गई। जिसमें दिनांक 27/ 8/2025 को अपील मंजूर करते हुए न्यायाधीश महोदय द्वारा विपक्षीगण कयाम खान, अबरार खान, धर्मेंद्र सोनकर, मेराज कुरैशी, राजू गुप्ता निवासीगण मोहल्ला सिपाह प्रथम वार्ड नंबर 9 को नोटिस जारी करने का आदेश पारित किया गया तथा मोहम्मद असलम खान को एक सप्ताह के अंदर नोटिस की पैरवी करने का भी आदेश पारित किया गया। अब इस प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायालय से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# किशोरी अपहरण व धर्म परिवर्तन प्रकरण में पाँच आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

## पुलिस से माफी माँगते दिखे सभी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र की 13 वर्षीय किशोरी के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और मौलवी से निकाह के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद तीन और गिरफ्तारियाँ हुईं। अब तक इस प्रकरण में कुल पाँच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। हैरानी की बात यह रही कि गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपी पुलिस से हाथ जोड़कर माफी माँगते नजर आए। पहली गिरफ्तारी, पुलिस ने सोमवार को नाबालिग पीड़िता को बरामद कराते हुए मोहल्ला कोनिया से एक 14 वर्षीय बाल अपचारी और करीब 35 वर्षीय महिला आरोपी को गिरफ्तार किया था। दूसरी कार्रवाई में तीन और गिरे शिकंजे में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया। इनमें दो युवक निकाह की मध्यस्थता में शामिल थे जबकि एक मौलवी ने जबरन कराया गया निकाह पढ़ाया था।



# विश्वविद्यालय में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच के छात्रों को निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इंजीनियरिंग संकाय में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच द्वारा छात्र सदस्यों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध कराया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तकनीकी मांग को देखते हुए इन कोर्सों का चयन किया गया है, ताकि छात्र वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अपनी दक्षता का विकास कर सकें। इन कोर्सों को पूर्ण करने के उपरांत छात्र न केवल अपने स्नातक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करेंगे, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी करियर बनाने के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम से इन कोर्सों की सफलतापूर्वक पूर्णता पर छात्रों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह सभी कोर्स यूडेमी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, जिनसे छात्रों में नई तकनीकी स्किल्स का विकास होगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को कोर्स का मैनुअल और लॉगिन डिटेल उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिया कि वे इन्हें निर्धारित समयावधि में पूरा करें, ताकि आने वाले समय में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्लेसमेंट में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त कर सकें। इंजीनियरिंग संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल ने स्पष्ट किया कि कोर्स पूर्ण करने के उपरांत छात्र अपने प्रमाणपत्र विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें। कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भटेजा के निर्देशन में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।




# जौनपुर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नवाचार मेले का भव्य आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) जौनपुर के प्रांगण में बुधवार को नवाचार मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने अपने संबोधन में शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी श्री खाड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में नवाचार न केवल विद्यार्थियों की सोच को व्यापक बनाता है बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार शर्मा तथा डॉ. किरन त्रिपाठी द्वारा किया गया स कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ नवाचार प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया। उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेला शिक्षा में नवीन विचारों और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का एक अनूठा प्रयास है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए रचनात्मक और नवाचारी प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया और सराहना भी की। समापन सत्र में डायट प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार शर्मा की ओर से सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए यह संकल्प लिया गया कि शिक्षा में नवीनता और नवाचार की यह यात्रा सतत जारी रहेगी।

कार्यक्रम में उप शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. मंजू (एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, टी.डी.पी.जी कॉलेज जौनपुर), डॉ. रमेश चंद्र (असिस्टेंट प्रोफेसर, विधि विभाग, टी.डी.पी.जी कॉलेज जौनपुर) तथा डॉ. तिलक सिंह यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज, बदलापुर), प्रधानाचार्य रवींद्र नाथ यादव, समस्त डायट प्रवक्ता, एस.आर.जी. प्रतिभागी के रूप में प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय /माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक, डायट प्रवक्ता, ह्यूमाना के सदस्य तथा समस्त प्रशिक्षु आदि उपस्थित रहे।








## कपड़े के सहारे से पेड़ से लटकता मिला युवक का शव ,सोमवार को घर से हुआ था लापता



आजमगढ़. (उत्तरशक्ति)। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के बेहटा गांव के बाहरी हिस्से में स्थित घने जंगल में बुधवार को एक युवक का शव पेड़ की डाल पर शर्ट के सहारे फंदे से लटकता हुआ पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान खैरा गांव निवासी 20 वर्षीय विकास कुमार, पुत्र शिवनारायण के रूप में हुई, जो शटरिंग का काम करता था। विकास कुमार सोमवार को दिन में घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को ग्रामीणों ने जंगल में शव देखकर पुलिस को सूचित किया। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## सीवरेज का गन्दा पानी घरों में घुसा, बीमारियों के फैलने की आशंका

### जिम्मेदार अधिकारियों से नाले की मरम्मत कराने की मांग

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** मड़ियाहूं नगर पंचायत में कुछ महीने पहले लाखों रुपये की लागत से बनाया गया सीवरेज सिस्टम लीक हो गया है। इससे वार्ड 13 महतवाना में स्थित दुकानों और घरों में गंदा पानी घुस रहा है। गांधी तिराहे के पास स्थित दुकानदार संजय कुमार गुप्ता, शिवकुमार और हूजैब ने बताया कि उनकी अंडरग्राउंड दुकानों में नगर पंचायत द्वारा बनाए गए नाले से पानी रिस रहा है। गंदे पानी के कारण दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है। व्यापारी बाल्टी और मोटर की मदद से पानी बाहर निकाल रहे हैं।स्थानीय लोगों को डर है कि गंदगी के कारण बीमारियां फैल सकती हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से नाले की मरम्मत कराने की मांग की है। इस मामले में जब मड़ियाहूं नगर पंचायत के ईओ चंदन सिंह गौड़ से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जल्द ही समस्या का समाधान करवाएंगे।

## जौनपुर में पेटल हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** शहर के नई गंज स्थित प्रयागराज रोड पर पुराने पेट्रोल पंप के बगल में आज पेटल हॉस्पिटल का शुभ उद्घाटन गुलामुस सकलैन वरिष्ठ समाजसेवी के कर कमलों के द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर कनीज फातिमा ने बताया कि हम जौनपुर शहर सहित पूरे जिले को एक ही छत के नीचे पैथोलॉजी समस्त जांच के अलावा एक ऐसे इलाज की सूविधा देना चाहते हैं जो लोगों को पैसे के अभाव पर उनके स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव ना डाल सके, हमारी यही कोशिश रहेगी कि हर इंसान धन के अभाव में अपने इलाज से वंचित न रहे हम सस्ते दर पर दवाएं और एक अस्पताल में मिलने वाली समस्त सुविधाओ को आखिरी छोर के हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं, इसी कोशिश में इस अस्पताल का आज आगाज किया गया है ।इस मौके पर डॉक्टर राकेश कुमार सिंह प्रिंसिपल नेहरू इंटर कॉलेज कुंवरदा जौनपुर अजीत सिंह प्रबंधक पटल चिकित्सालय, मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, डॉक्टर रामसूरत मौर्या नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि, राज सकलैन मैनेजर राज कॉन्वेंट इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।आखिर में आए हुए समस्त आगंतुको का आभार जमन सकलैन फाउंडर सकलेन ग्रुप ने व्यक्त किया।

## मानसिक और शारीरिक अक्षम बच्चों को स्वस्थ एवं सक्षम बनाएगा वरदान स्कूल फॉर स्पेशल चाइल्ड



**कानपुर।** मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम और अपंग बच्चों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से वरदान स्कूल फॉर स्पेशल चाइल्ड, निकट नौबस्ता चौराहा, कानपुर का विधिवत शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ अनिल कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संस्थान की निदेशक डॉ राधिका वर्मा ने बताया कि यहां पर सेरिब्रल पैल्सी, डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म तथा मानसिक और शारीरिक रूप से अविकसित बच्चों के लिए चाइल्ड फिजियो थेरेपी, आकुपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, एन डी थेरेपी, सेंसरी इंटीग्रेशन आदि अनेक विधाओं का प्रयोग कर बच्चों को सक्षम और स्वस्थ बनाने का प्रयास किया जाता है। बच्चों में अच्छे सुधार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श भी लिया जाता है ताकि बच्चों का उज्जवल भविष्य बन सके। इस मौके पर डॉ अनिल कटियार, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, श्रीमती उपमा कटियार, डॉ रवि गुप्ता, डॉ राज पांडेय, डॉ उमेश मिश्रा, डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ सुधीर द्विवेदी, डॉ भावना सिंह, डॉ अमित मिश्रा, डॉ ए के सिंह, डॉ अभिषेक रूहीया, डॉ अमित योगी आदि अनेक लोग मौजूद थे।

## एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल द्वारा होम्योपैथिक क्लिनिक का शुभारंभ



**मुंबई।** एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल द्वारा होम्योपैथिक मे विख्यात डॉ फॉरुक मस्टर के नेतृत्व मे ग्रांउड फ्लोर पर होम्योपैथिक क्लिनिक का शुभारंभ कीया। आज डॉ फॉरुक मस्टर से जैन समाज के संजय बोथरा, अमित संघवी और मंगलचंद सेठ ने मुलाकात करके होम्योपैथिक के बारे मे चर्चा करते हुए विशेष जानकारी प्राप्त की। डॉ ने बताया की कैंसर , किडनी और अन्य बिमारी के फर्स्ट स्टेज पर मरीज आता है तो मरीज को होम्योपैथिक इलाज से बहुत फायदा हो सकता है। सभी प्रकार की भी बिमारीयो मे होम्योपैथिक का इलाज लाभदायक होता है ।यह मुलाकात एच.एन.रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के कम्यूनिटी सम्पर्क कर्ता दीपक रॉय ने करवाई जो बहुत अच्छी रही।

## शव को चौक पर रख कर चार घंटे आवागमन रखा बाधित

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में दो सितंबर की रात्रि आठ बजे दूधी टोला गांव निवासी मुन्ना यादव की हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजन व आक्रोशित ग्रामीण शव को चौक पर रख कर 4 घंटे तक आवागमन अवरुद्ध किया। आक्रोशित लोग अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। एसडीओ, एसडीपीओ के काफी समझाने बुझाने के बाद हटा जाम ,महाराजगंज सड़क जाम की समस्या से निपटने के लिए महाराजगंज के एसडीओ अनिता कुमारी एसडीपीओ अमन कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को तत्काल 20 हजार रुपए पारिवारिक लाभ व तत्काल शव के अंतिम दाह संस्कार के लिए 10 हजार रुपए देने की बात कही। अपराधियों की गिरफ्तारी के मामले में एसडीपीओ अमन कुमार ने कहा कि फिलहाल पुलिस द्वारा एक आरोपी संदीप कुमार की गिरफ्तारी कर ली गई है। शेष सभी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में लगी हुई है। एसडीपीओ ने बताया घटना में आठ लोगों को नाम जद किया गया है। अन्य आरोपियों के नाम सार्वजनिक करने पर गिरफ्तारी में समस्या आ सकती है।

# दुर्वास का राजा गणेश मंडल में बही भक्ति की बयार



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा,गणेशभक्ति के सागर में सर्वत्र लोग डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं। सम्पूर्ण महाराष्ट्र गणेशउत्सव मे आस्था पूर्वक लगा हुआ है। इस मंगलमय वातावरण में नालासोपारा पूर्व स्थित दुर्वास सोसायटी में भी ₹दुर्वास का राजा गणेश मंडल₹ द्वारा 11 दिवसीय गणेशउत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें दर्शन हेतु भक्तों की भारी भीड़ प्रतिदिन उपस्थित हो रही थी।जिसमें हर समाज का आम से खास व्यक्ति पहुँच कर दर्शन लाभ लेकर कृतार्थ हो रहा है। दुर्वास सोसायटी में दर्शन करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह,भाजपा नेता भानू सिंह,अवधेश, मिथिलेश, धीरेंद्र, वीरेंद्र, अरुण, अजय, के. आर. सिंह, पिंटू सिंह, राधेश्याम सिंह,मुन्ना शुक्ला, संजू श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह रानू सिंह, जयनाथ सिंह एवं समस्त योग ग्रुप के सदस्य भी उपस्थित होकर दर्शनलाभ प्राप्त किये।गणेश मंडल में सभी अतिथियों का गणेश भगवान की छवि और अंगवस्त्र भेंट करके सत्कार किया गया। दुर्वास सोसायटी के प्रमुख पदाधिकारी अजय उपाध्याय,अजय सिंह ठाकुर,पिंटू सिंह,राजेश शुक्ला और संजीव श्रीवास्तव आदि ने गणेश भक्तों के लिए अल्पाहार, स्मृति चिन्ह स्वरूप गणेश प्रतिमा और अंगवस्त्र की सुंदर व्यवस्था की गई है। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 11 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है।इस गणेश उत्सव के प्रमुख आयोजक अजय सिंह ठाकुर संजीव श्रीवास्तव राजेश शुक्ला पिंटू सिंह अरुण उपाध्याय हैं। गणेश उत्सव मे 5 वें दिन सुन्दर भजन का आयोजन किया गया था जिसमें गायकों ने वादक वृन्दो की जुगलबंदी पर सुमधुर भजन प्रस्तुत करके श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। योग ग्रुप के सभी सदस्य रोज योगा करते हैं और हर शनिवार हारमोनियम, ढोल, मंजीरे और साउंड के साथ भजन कीर्तन करते हैं।इस बार दुर्वास सोसायटी में गणेशोत्सव मंडल में भी इसी योगा ग्रुप के कलाकारों द्वारा दुर्वास का राजा में भजन कीर्तन किया गया। उसमें एक धर्मेन्द्र सिंह गायन मंडली भी चलाते है। दुर्वास सोसायटी के गणेश उत्सव मंडल में गणपति बप्पा मोरया.. के जयघोष के बीच आयोजको द्वारा सुरुचिपूर्ण व्यंजनों और सुमधुर भजनों से परिपूर्ण भक्ति की सुखद बयार गणेश भक्तों के आकर्षक एवं अविस्मरणीय बना रहा है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकार लाल शेखर सिंह ने दी है।

## स्वर्ण व्यवसाई पर फायरिंग मामले में संदिग्ध से पुलिस कर रही पूछताछ

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा में स्वर्ण व्यवसाई पर फायरिंग मामले में विभिन्न गांव के विभिन्न युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछ-ताछ कर रही है। इस मामले में बड़ा नेटवर्क बताया जाता है महाराजगं थाना क्षेत्र के रिसौरा बाजार पर 28 अगस्त को नेहा ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार के मालिक राजन सोनी पर बदमाशों द्वारा गोलीबारी के मामले में एसडीपीओ अमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि स्वर्ण व्यवसाई पर हुए गोलीबारी की घटना में सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर के लोकेशन के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। सोमवार की रात्री से आईटी एंव स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप पर आकाशी मोड़ बाजार के एक घर से कुछ युवकों को गिरफ्तार कर पुछताछ किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि बहुत जल्द इस घटना में शामिल बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मृतक भाई से मिलने के लिए आ रही बहन की सड़क दुर्घटना में मौत

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधी टोला गांव में मुन्ना यादव की मौत अपराधियों के गोली से मौत की घटना की सूचना पाकर, मृतक की बहन बड़हरिया थाना क्षेत्र के रानीपुर से मृतक को देखने आ रही थी। इसी बीच बड़हरिया में ही तेज गति से जा रहा है पिकअप मृतक की बहन विनीता को रौंद डाला जिससे उसकी मौत हो गई।

## बिहार में रोज हो रहा है हत्या : अमरनाथ

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज महाराजगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सिहोता गांव के दूधी टोला गांव में 2 सितंबर की रात्रि एक युवक को गोली से मौत की सूचना पर माले के पूर्व विधायक अमरनाथ यादव पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे।

पीड़ित परिजन व गांव के आक्रोशित लोग से शहिद फुलेना चौक पर बात चित कर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

भाकपा माले के पूर्व विधायक अमरनाथ यादव ने कहा कि बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहा है। रोज रोज हत्याएं हो रही है। पैर से विकलांग मुन्ना यादव अपने घर पर हीं दुकान चलाते थे अचानक अपराधी पहुंच कर मुन्ना यादव की हत्या कर फरार होगए, प्रशासन से नाराज पीड़ित लोग मजबूर हो कर सड़क पर उतरे हैं।

नेता अमर यादव ने एसडीपीओ और एडीओ से प्रमुख बिंदुओं पर बात कर एक सप्ताह के अंदर सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मृतक के छोटे बच्चों के परिवारों के लिए बाल कल्याण विभाग द्वारा 4000 हजार रुपया महीना दिया जाने की बात कही।

विधायक ने प्रशाशन द्वारा इन बिंदुओं पर ध्यान नहीं देने पर हम लोग बड़े आंदोलन में जाएंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक जयशंकर पंडित, दारौंदा के विधानसभा प्रभारी विकाश यादव, भाकपा माले दारौंदा प्रखंड सचिव उपेंद्र प्रसाद, राजद नेता हृदय यादव, भावी विधायक प्रत्याशी व राजद नेता राजकिशोर प्रसाद , चंदन गुप्ता मौजूद थे।

## आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन झुंझुनूं के अध्यक्ष बने डॉ. महेश झाझड़िया



**झुंझुनूं।** आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान की झुंझुनूं जिला इकाई के अध्यक्ष पद का दायित्व डॉ. महेश कुमार झाझड़िया ने सँभाल लिया है।

आपको बता दें कि दिनांक 29 अगस्त 2024 को जिला कार्यालय में हुई बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. झाझड़िया को अध्यक्ष चुना गया था। निर्वाचन अधिकारी एवं संयोजक डॉ. राजेंद्र कुमावत द्वारा विधिवत प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज दिनांक 2 सितंबर 2025 को उन्हें पदभार सौंपा गया जिसका पुरजोर शब्दों में समर्थन मिला।

इस दौरान डॉ. रोहिताश्व, डॉ. राजेंद्र कुमावत,डॉ.विक्रम सिंह, डॉ. राकेश माहिच, डॉ. अशोक सोनी, डॉ. मनरूप काजला, डॉ. अनिल सोहू, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. महेंद्र नेहरा उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष बनने के बाद एक सवाल की जवाब में डॉ. झाझड़िया ने कहा कि संगठन की मजबूती और आयुर्वेद की हितों की रक्षा के लिए जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा ताकि सुधार की ओर कदम बढ़ सके।

## उल्हासनगर में हादसा टला, बारिश में पेड़ का हिस्सा गिरा

**कल्याण।** उल्हासनगर-3 के सेंट्रल हॉस्पिटल रोड पर विजय सेल्स (टाउन हॉल के सामने) के बाहर मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज बारिश के चलते एक पेड़ का ऊपरी हिस्सा अचानक नीचे गिर पड़ा। इस घटना में वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति बाल-बाल बच गए। गिरते हुए पेड़ के हिस्से से पास की एक फैक्ट्री की बाउंड्री दीवार टूट गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के मौसम में ऐसे पेड़ों की छंटाई और देखभाल न होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि समय रहते पेड़ों की देखरेख की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## विधायक ने जताया शोक

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज स्थानीय नगर पंचायत के सिहोता मुहल्ले के दूधी टोला के शंकर यादव को अपराधियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर देने के बाद महाराजगंज के विधायक विजय शंकर दुबे ने घटना की घोर निंदा की है। विधायक ने कहा कि एनडीए सरकार में अपराधी बेलगाम है। राज्यों पर जब तक कठोर अंकुश नहीं लगाया जाएगा तब तक जनता की परेशानी कम नहीं होगी।

विधायक श्री दुबे ने शोक प्रकट करने के साथ हर हाल में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहने की बात कही है। उधर सीवान जिला के पूर्व जिला परिषद विश्वनाथ यादव उर्फ ध्रुव जी ने भी मुन्ना यादव के हत्या पर शोक जताया है। पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद करने की विधायक ने बात कही है।

## घूस लेते लेखपाल को,एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों दबोचा



### जमीन सम्बन्धी मामले में पीड़ित ने लगाया था घूस मांगने का आरोप

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** जिले के मेहनगर तहसील के गोपालपुर में तैनात लेखपाल राजेश मौर्य को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को उस समय की गई। जब राजेश मौर्य कथित तौर पर नाम दुरूस्तीकरण सम्बन्धी मामले में एक स्थानीय निवासी से रिश्वत ले रहे थे।जानकारी के अनुसार, गोपालपुर के एक निवासी ने राजेश मौर्य पर जमीन से संबंधित कार्य के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एंटी करप्शन टीम, आजमगढ़ से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि लेखपाल ने काम करने के बदले रुपये की मांग की और बार-बार टालमटोल कर रहे थे। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एक जाल बिछाया। तय योजना के तहत, शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोटों के साथ लेखपाल को रिश्वत देने के लिए भेजा गया।

जैसे ही राजेश मौर्य ने शिकायतकर्ता से रुपये लिए, पहले से तैयार एंटी करप्शन टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने लेखपाल के हाथ धुलवाए, जिसमें केमिकल युक्त नोटों के निशान मिले। इस घटना से मेहनगर तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। कुछ लेखपालों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और इसे साजिश करार दिया, लेकिन एंटी करप्शन टीम ने अपनी कार्रवाई को सही ठहराया।

## गौमाता को शीघ्र राष्ट्रमाता घोषित करें : शंकराचार्य



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज ने गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करते हुए गौवंश रक्षा के लिए उच्च न्यायालय द्वारा 2015 में दिए गए उस आदेश की सराहना की है जिसके सहारे लाखों गायों को बचाया जा सका है। कोरा केंद्र मुंबई में चातुर्मास के लिए आए परमपूज्य शंकराचार्य स्वामी ने गौ रक्षा की अपनी मुहिम की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि यह मुहिम समाज और राष्ट्र के विकास में सबसे अहम भूमिका अदा करेगी। शंकराचार्य महाराज यहाँ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के भव्य पोस्टर का विमोचन करने के बाद उसके जनक आदर्श ग्रुप ऑफ होटल के मालिक घनश्याम पुरोहित और जगदीश पुरोहित को धन्यवाद दिया। इस पोस्टर में 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों के भव्य रंगीन चित्र में शिवलिंगों को विशेष रूप से उकेरा गया है। फोटो में भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती व उनकी तीन संतानों कार्तिकेय, गणेश व अशोक सुंदरी के साथ शिव परिवार दृष्टिगोचर है। इस अवसर पर पूज्य शंकराचार्य ने अधिवक्ता आशीष विजय शुक्ला का गौवंश रक्षा मुहिम में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृतिचिन्ह और शॉल के साथ स्वागत कर आशीर्वाद दिया। वे गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के अभियान के अंग हैं। अधिवक्ता आशीष ने अपने संबोधन में बताया कि यह अभियान भारत वर्ष के अन्य राज्यों में भी उतनी ही सक्रियता से चलाने की जरूरत है। पूज्य शंकराचार्य जी ने आशीष शुक्ला को गौमाता को न्याय और सम्मान दिलवाने के लिए पूरे भारत में अपनी सेवाएं देने का आदेश दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स बनेंगे मेरी काशी एम्बेसडर, कहानियों से जुड़ेंगे पर्यटक

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता का जीवित प्रतीक है। इसकी हर गली, घाट और मंदिर में हजारों वर्षों का इतिहास सांस लेता है। इस धरोहर को नए अंदाज में दुनिया तक पहुंचाने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने मेरी काशी एम्बेसडर कार्यक्रम शुरू किया है। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश पर्यटन और वाराणसी जिला प्रशासन के सहयोग से बुधवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित मेरी काशी क्रिएटर्स पाठशाला इसी दिशा में पहला कदम रही। मकसद युवाओं और सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों को काशी और सारनाथ की 170 प्रामाणिक कहानियों से परिचित कराना और उन्हें डिजिटल कहानीकार के रूप में तैयार करना है। कार्यक्रम में लगभग 275 स्थानीय युवाओं और सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मास्टर-स्टोरीटेलर्स ने प्रतिभागियों को कहानी कहने की बारीकियां सिखाईं, जैसे कहानियों को व्यक्तिगत बनाना, अनूठे तथ्य जोड़ना, भावनात्मक ग्राफ और जुनून के साथ प्रस्तुति देना। साथ ही यूट्यूब विशेषज्ञों ने रील बनाने, ऑडियंस एंगेजमेंट बढ़ाने और सामग्री से कमाई करने की तकनीक सिखाई।

कमिश्नर एस. राजलिंगम ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को ह्यमेरी काशी पाठ्यक्रम मॉड्यूल से जोड़ा जाएगा। इसके तहत उन्हें प्रेरित किया जाएगा कि वे काशी की कहानियों पर आकर्षक रील बनाकर मेरीकाशी हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करें। श्रेष्ठ रील बनाने वालों को



मेरी काशी एम्बेसडर की उपाधि मिलेगी। इन्हें न केवल आधिकारिक वेबसाइट पर सूचीबद्ध किया जाएगा, बल्कि विदेशी व घरेलू पर्यटकों से जोड़कर आधिकारिक टूरिस्ट गाइड बनने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि यह पहल काशी के युवाओं के लिए बेहद प्रासंगिक है। मेरी काशी एम्बेसडर प्रोग्राम न केवल उन्हें सोशल मीडिया पर पहचान दिलाएगा बल्कि आधिकारिक टूरिस्ट गाइड बनने का अवसर भी प्रदान करेगा। युवाओं को आजीविका के साथ-साथ काशी की असल कहानियों को विश्व पटल पर ले जाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने धार्मिक नगरी के रूप में विख्यात काशी में विराजमान बाबा विश्वनाथ, संकटमोचन, आदिकेशव समेत यहां स्थित विभिन्न मंदिरों के प्राचीन इतिहास भी उल्लेख किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. बता दें, पर्यटन मंत्रालय और माईगव ने काशी की वैश्विक पहचान को सशक्त करने के लिए लोगो डिजाइन प्रतियोगिता भी शुरू की है। वाराणसी की गलियों में हर कदम पर छिपी हैं हजारों वर्षों की कहानियाँ—आस्था, संस्कृति, ज्ञान और दर्शन की। यह शहर केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जीवित इतिहास का प्रतीक है। ऐसे में पर्यटन मंत्रालय का मेरी काशी एम्बेसडर कार्यक्रम काशी को वैश्विक मंच पर और सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। कार्यक्रम में भावनात्मक ग्राफ, मन का रंगमंच, अनूठे तथ्य और जुनून के साथ वर्णन जैसी तकनीकों ने उन्हें यह समझाया कि कहानी सिर्फ.सुनाई नहीं जाती, बल्कि जी भी जाती है। डिजिटल युग की ताकत को समझते हुए यूट्यूब विशेषज्ञों ने युवाओं को यह प्रशिक्षण दिया कि कैसे एक साधारण वीडियो को आकर्षक रील में बदला जा सकता है, कैसे उससे न सिर्फ.दर्शकों का जुड़ाव बढ़े बल्कि आजीविका के नए अवसर भी खुलें। पर्यटन अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि काशी के लिए यह क्षण गौरव का है कि जब पूरी दुनिया डिजिटली जुड़ रही है, तब भारत सरकार ने इस शहर को डिजिटल स्टोरीटेलिंग हब बनाने का बीड़ा उठाया है। मेरी काशी एम्बेसडर कार्यक्रम परंपरा और तकनीक का वह संगम है, जहाँ प्राचीनता आधुनिकता से मिल रही है। आज की यह पहल आने वाले कल में काशी को न केवल पर्यटन बल्कि सांस्कृतिक कूटनीति का भी केंद्र बनाएगी। जब स्थानीय युवा अपनी कहानियाँ दुनिया को सुनाएँगे, तब काशी की आत्मा और भी व्यापक रूप में गूँजेगी।






## पार्कसाईट सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में उमड़ी भक्तों की भीड़



मुंबई। पार्कसाईट सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान पार्क साईट में विराजमान श्री गणपति का प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार,आरती दीपदान और मंगलाचार्य कर श्रद्धा और आस्था के साथ हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव मनाया जा रहा है।यहां पर श्री बप्पा का दर्शन आशीर्वाद के लिए हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। शीश महल में विराजमान श्री गणपति बप्पा श्रद्धा और आस्था का केंद्र बने हुए है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मुंबई, महाराष्ट्र में नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स का भव्य अनावरण किया

मुंबई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने महाराष्ट्र के मुंबई में नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स को प्रस्तुत किया। नई होंडा सीबी125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 (विशेष प्रारंभिक प्रस्ताव) रखी गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत 75,950 निर्धारित की गई है। सभी कीमतें शोरूम मुंबई, महाराष्ट्र की हैं। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों की भव्य ग्राहक डिलीवरी भी शुरू कर दी है। नई पीढ़ी के राइडर्स को ध्यान में रखते हुए CB125 हॉर्नेट को "Ride Your Rizz" की स्पिरिट के साथ स्पोर्टी स्टाइलिंग और दमदार परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन किया गया है। वहीं, शाइन 100 ऊअपने लेगेसी को आगे बढ़ाते हुए और भी बेहतर फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ आती है, जो ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है। होंडा CB125 हॉर्नेट एक आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिजाइन के साथ आती है और चार आकर्षक कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है पर्ल सायरन ब्लू विद लेमन आइस येलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू विद एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और पर्ल सायरन ब्लू विद स्पोर्ट्स रेड।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव न लड़ने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई की



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छः वर्षों से प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें थे उनके प्रतिनिधियों के साथ बुधवार दिनांक 03 सितम्बर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। उन्होने सुनवाई के लिए प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, इसमें से 03 सितम्बर को 51 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था,जिसमें से 17 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुनवाई में प्रतिभाग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 02 एवं 03 सितम्बर को की गयी सुनवाई में 121 राजनैतिक दलों में से 55 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दल को प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31 अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की आडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी देना है। प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपए से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट देनी है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी का ईमेल, मोबाइल नंबर तथा वर्तमान पता को अपडेट रखना होगा, जिससे कि आयोग के निदेर्शों व अन्य तथ्यों की जानकारी को समय से उपलब्ध कराया जा सके। बुधवार को हुई सुनवाई में गदर पार्टी प्रतापगढ़, नवचेतना पार्टी मैनपुरी, नवीन समाजवादी दल प्रयागराज, निस्वार्थ सेवा राष्ट्र सेवा पार्टी प्रयागराज, पूर्वांचल क्रांति पार्टी जौनपुर, राष्ट्रवादी इंसान पार्टी प्रयागराज, राष्ट्रवादी समाज पार्टी कानपुर नगर, राष्ट्रीय बंधुत्व पार्टी प्रयागराज, आम जन क्रांति पार्टी इटावा, राष्ट्रीय लोकतंत्र दल हापुड, राष्ट्रीय मानव विकास पार्टी अमरोहा, सामूहिक एकता पार्टी कानपुर नगर, सर्वप्रिय समाज पार्टी इटावा, सत्य शिखर पार्टी अयोध्या, यूथ सोशलिस्ट पार्टी मुरादाबाद, युवा अनुभव पार्टी गोरखपुर, भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी औरैया जिले में पंजीकृत राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व महासचिव उपस्थित रहे।

## मुंबई में धूमधाम से मनाया गया गणपति उत्सव, कलिना में जयप्रकाश सिंह के निवास पर हुए भव्य दर्शन



मुंबई। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मुंबई में एक बार फिर पूरे जोश और श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया गया। हर गली, हर नुक्कड़ और हर घर से गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरयाह्व की गूंज सुनाई दी। जगह-जगह स्थापित गणेश मूर्तियों के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी और पूरे शहर में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर उत्तर भारतीय संगठन मुंबई के प्रमुख और शिवसेना के वरिष्ठ नेता श्री जयप्रकाश सिंह जी के कलिना स्थित निवास पर भी गणपति बप्पा का भव्य आगमन हुआ। गणेश प्रतिमा की सुंदर सजावट और भक्तिपूर्ण माहौल ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। इस शुभ अवसर पर सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), राजेश शुक्ला, ज्योतिष एवं समाजसेविका श्रद्धा गोरगे समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी दर्शन किए और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी आगंतुकों को पारंपरिक रूप से मोदक, शेव बुंदी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भगवान गणेश से सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मुंबई में गणेश चतुर्थी न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाता है। इस वर्ष भी गणपति उत्सव ने सभी को एक साथ जोड़ने का कार्य किया।

# फोनपे ने लॉन्च किए होम इंश्योरेंस के नए प्रोडक्ट्स

मुंबई। फोनपे ने आज अपने लेटेस्ट होम इंश्योरेंस प्रोडक्ट लाइन को लॉन्च किया है। इसकी मदद से अब लोग आसान और किफायती तरीके से अपने घर को जोखिमों से सुरक्षित रख पाएंगे। इस इंश्योरेंस का प्रीमियम 181 (GST सहित) से शुरू होता है और इसमें 10 लाख से लेकर 12.5 करोड़ तक का कवरेज मिलता है। इसमें यूजर्स अपने घर और उसके अंदर मौजूद सामान दोनों का इंश्योरेंस करा सकते हैं। यह प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल होगी और फोनपे ऐप पर पूरी की जा सकेगी।

अक्सर होम इंश्योरेंस प्लान, होम लोन के साथ ही आते हैं, लेकिन इनकी कीमत ज्यादा होती है, लेकिन इनकी कीमत अधिक होती है, विकल्प कम मिलते हैं और पेपरवर्क भी बढ़ जाता है। फोनपे ने इस समस्या को दूर करने के लिए आसान, पारदर्शी और सुलभ समाधान पेश किया है। ऐसे में भले ही लोगों ने होम इंश्योरेंस लिया हो या नहीं पर फिर भी वे अपने घर को बिना किसी झंझट के, जोखिमों से सुरक्षित रख पाएंगे। इसके जरिए यूजर्स घर और उसमें मौजूद सामान (जैसे फर्नीचर, उपकरण, कीमती सामान आदि) को आग, बाढ़, भूकंप, दंगे और चोरी जैसे बड़े जोखिमों से सुरक्षा मिलेगी। यह इंश्योरेंस, फोनपे ऐप पर कुछ ही स्टेप्स में मकान मालिक को भरोसेमंद और किफायती इंश्योरेंस का अनुभव देता है।

लॉन्च के बारे में जानकारी देते हुए, फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के उऊड विशाल गुप्ता जी ने कहा, हम मानते हैं कि भारत में खुद का घर होने का सपना पहले से कहीं ज्यादा बड़ा हो चुका है और फोनपे अपनी विशेषज्ञता के साथ लोगों के इस सफर का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। हम हर भारतीय के लिए इंश्योरेंस को सुलभ और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा नया होम इंश्योरेंस ऑफर, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिए मकान मालिक अपनी सबसे कीमती संपत्ति की सुरक्षा आसानी से कर पाएंगे। हमारा यह भरोसेमंद सॉल्यूशन भविष्य की सुरक्षा का प्रतीक है। यह कॉम्प्रिहेंसिव और किफायती है जिसे फोनपे ऐप पर कुछ ही मिनटों में डिजिटल रूप से लिया जा सकता है। इसे हमने भारत की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है, ताकि ग्राहक आसानी से ऑनलाइन सही पॉलिसी चुन सकें। हमें भरोसा है कि हमारी यह पहल ग्राहकों को अपने घर की शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का नया तरीका देगी, साथ ही उनका आर्थिक बोझ भी कम करेगी।

## हिन्दुस्तान प्रहरी के संपादक घनश्याम तिवारी को पितृशोक



वसई। हिंदुस्तान प्रहरी (साप्ताहिक) के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम तिवारी के पिता चुम्मन तिवारी का लंबी बीमारी के चलते लगभग 91 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। उनके बड़े बेटे घनश्याम सी. तिवारी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। धार्मिक विचारों वाले स्वर्गीय पंडित चुम्मन तिवारी रामायण के ज्ञाता थे। वे अपने पीछे 3 पुत्र तथा 3 पुत्रियों और नाती पोतों वाला भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका कर्मकांड तिवारी के पैतृक गांव उत्तर प्रदेश देवरिया जिले की भाटपार रानी तहसील के पिपरहिया गांव में किया जाएगा 7 सितंबर को उनके निवास पर ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया है।

## Wobble डिस्प्लेज ने अब तक का सबसे बड़ा टेलीविजन बना कर भारत में रच दिया इतिहास

ठाणे। Indkal Technologies के इनहॉउस तकनीकी ब्रांड Wobble डिस्प्लेज ने आज भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता टेलीविजन में नया ही बेंचमार्क सेट करते हुए मैक्सिमस सीरीज 116.5-इंच गूगल टीवी 5.0 को पेश करने की घोषणा की। यह तकनीकी चमत्कार अन्य ब्रांड्स से कहीं आगे है और (वास्तव में) Wobble डिस्प्ले की डिस्प्ले तकनीकी के क्षेत्र में रिसर्च और इन्नोवेशन की ताकत का नजारा दिखा रहा है। अंतर्रराष्ट्रीय ब्रांड के कब्जे में रहने वाले इस सेगमेंट में इस तरह किसी भारतीय कंपनी का आना बहुत बड़ी घटना है। मैक्सिमस सीरीज 116.5-इंच टीवी ने इस बड़े साइज में भारत के पहले QLED + MiniLED डिस्प्ले तकनीकी के साथ भारतीय घरों में मनोरंजन के लिए एक नयी दुनिया ही बना दी है। इससे Wobble डिस्प्ले ने एंड्राइड के साथ लेटेस्ट गूगल टीवी 5.0 को एडवांस्ड क्वांटम डॉट कलर की खासियत के साथ 116.5 इंच की mini-LED बैकलाइट की सटीकता को एक साथ पेश कर दिया। इस स्तर की स्मार्ट विषेशताओं और बेहतरीन कंटेंट इंटीग्रेशन से लिविंग रूम एक शानदार मनोरंजन की जगह बन जाता है। 240W 6.2.2-चैनल की ताकत से सजे हुए दो डेडिकेटेड वूफर के साथ मैक्सिमस बेहतरीन विजुअल अनुभव को अलग ही ऊंचाई पर पहुंचा दिया, बिलकुल थिएटर की तरह का अहसास - शानदार डायनामिक्स, एकदम स्पष्ट डिटेलिंग, पूरी जगह को घेर लेने वाली थ्री-डायमेंशनल आवाज; यानी सिनेमा का पूरा अनुभव अब घर बैठे ही मिल रहा। Indkal Technologies के सीईओ, आनंद दुबे ने कहा, भारतीय कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए आज एक ऐतिहासिक पल है। मैक्सिमस सीरीज 116.5-इंच सिर्फ.अब तक भारत का सबसे बड़ा टीवी ही नहीं है, - बल्कि यह हमारे विजन का एक प्रमाण है जिसने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए नए स्टैंडर्ड बना दिए हैं और उनके विजुअल और ऑडियो अनुभव में एक अलग लेवल का सुधार कर दिया है। हम सिर्फ.एक नया प्रोडक्ट पेश नहीं कर रहे हैं बल्कि हम दुनिया के सबसे एडवांस सिनेमा अनुभव को कड़ी टक्कर देते हुए होम एंटरटेनमेंट के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं।

# डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे की कार्यशाला आयोजित



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देश पर जनपद में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत कराए जा रहे डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) के संबंध में सर्वरों, सुपरवाइजरों एवं वेरिफायरों की बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास के0के0 पांडेय एवं उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सर्वे में किसानों से जुड़े आंकड़ों के संकलन के पूरा हो जाने पर यह डाटाबेस के तौर पर उनकी स्थिति का एक विस्तृत ब्योरा पेश करने में सक्षम होगा, इसके आधार पर विभागों द्वारा किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं मूल्य के निर्धारण में मदद समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने 25 सितंबर तक जनपद के प्रत्येक सर्वेयर को प्राप्त लक्ष्य 1100 प्लांट का सर्वे करने का निर्देश दिया। परियोजना निदेशक ने सर्वेयरों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि निर्धारित समय अंतर्गत सर्वे पूर्ण हो जाने चाहिए अन्यथा जिन सर्वेयरों द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ0 रमेश चंद्र यादव द्वारा डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे एप संचालन के लिए सर्वेयरों को लाइव वीडियो एवं सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर पीपीटी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम सर्वेक्षण संपन्न करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर अमित कुमार, तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत, एपीओ ग्राम विकास एवं सर्वेयर मौजूद रहे। अंत में उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जाइडस थेराप्यूटिक्स ने सरोग्लिटाजार मैग्नीशियम के EPICS-III परीक्षण में प्राथमिक पित्तीय कोलांगाइटिस रोगियों के लिए सकारात्मक टॉपलाइन परिणामों की घोषणा की

मुंबई। जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जाइडस थेराप्यूटिक्स, जो एक वैश्विक, नवाचार-आधारित स्वास्थ्य सेवा कंपनी है, ने आज महत्वपूर्ण EPICS-III फेज 2(b)/3 क्लिनिकल ट्रायल के सकारात्मक टॉपलाइन परिणामों की घोषणा की। इस परीक्षण में सरोग्लिटाजार, एक अनुसंधानाधीन अल्फा/गामा पेरॉक्सिसोम प्रोलिफेरेटर-एक्टिवेटेड रिसेप्टर एगोनिस्ट की सुरक्षा और प्रभावकारिता का मूल्यांकन उन वयस्क रोगियों में किया गया, जिन्हें प्राथमिक पित्तीय कोलांगाइटिस था और जिन्होंने वर्तमान मानक उपचार, उर्सोडिओक्सिकोलिक एसिड, पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया दी थी या उसे सहन नहीं कर पाए थे। परीक्षण ने प्राथमिक बिंदु को प्राप्त किया, जिसमें सरोग्लिटाजार की तुलना में प्लेसीबो पर उपचारित रोगियों की तुलना में महत्वपूर्ण चिकित्सीय प्रतिक्रिया पाई गई।

जाइडस थेराप्यूटिक्स, जो अमेरिका-आधारित नवाचार केंद्रित विशेष यूनिट है, 2026 की पहली तिमाही में सरोग्लिटाजार के लिए अमेरिकी नियामक आवेदन प्रस्तुत करने का इरादा रखती है। परीक्षण ने अपना प्राथमिक मिश्रित समापन बिंदु प्राप्त किया, जिसमें 48.5% का उपचार अंतर देखा गया, जो सरोग्लिटाजार 1ॅ के पक्ष में था। चिकित्सीय प्रतिक्रिया को परिभाषित किया गया था। इस अवसर पर जाइडस लाइफसाइंसेज के चेयरमैन, पंकज पटेल ने कहा, एपिक्स- ''' के परिणाम हमारे उस संकल्प को और मजबूत करते हैं, जिसके तहत हम दीर्घकालिक यकृत रोगों के लिए नए उपचार विकसित कर रहे हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ भारी चिकित्सीय आवश्यकता है। सरोग्लिटाजार पहला PPAR अल्फा/गामा एगोनिस्ट है जिसने ढइउ रोगियों में सकारात्मक फेज 3 डेटा प्रस्तुत किया है और इसका रोगियों तथा उनके स्वास्थ्य प्रदाताओं दोनों के लिए मूल्यवान विकल्प बनने की क्षमता है। हम इन परिणामों पर नियामक एजेंसियों से चर्चा करने और 2026 की पहली तिमाही में यूएस एफडीए में आवेदन प्रस्तुत करने की दिशा में आगे बढ़ने को उत्साहित हैं।

इंडियाना यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के मेडिसिन प्रोफेसर और एपिक्स-''' अध्ययन के ग्लोबल प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. राज वुप्पलांची ने कहा, क्लिनिकल प्रैक्टिस में हम अक्सर देखते हैं कि कई रोगी मानक उपचार पर भी संघर्ष करते रहते हैं। नए उपचार विकल्प उपलब्ध होना उन PBC रोगियों के लिए देखभाल को व्यक्तिगत बनाने का तरीका बदल सकता है, जो प्रथम पंक्ति उपचार का जवाब नहीं देते। हम उन रोगियों, उनके परिवारों और शोधकर्ताओं के आभारी हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिलेंगे 26 नए जज, मुकदमों के निस्तारण में आएगी तेजी,12 लाख केस हैं पेंडिंग

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए 26 नामों की सिफारिश की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए 26 नामों में 12 वकील और 14 ज्यूडिशियल अफसर शामिल हैं। संस्तुति के बाद नए जजों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो जाएगा। वकीलों में हाईकोर्ट के अलावा सुप्रीम कोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ता भी शामिल हैं। जिन अधिवक्ताओं के नाम की जज की नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है। उनमें विवेक सरन, अदनान अहमद, विवेक कुमार सिंह, गरिमा प्रसाद, सुधांशु चौहान, अवधेश कुमार चौधरी, स्वरूपमा चतुवेर्दी, अपर शासकीय अधिवक्ता जेके उपाध्याय, सिद्धार्थ नंदन, मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह, इंद्रजीत शुक्ल व सत्यवीर सिंह शामिल हैं। इनके भी भेजे गए नाम इसी प्रकार जिला जज स्तर के जिन एचजेएस 14 न्यायिक अधिकारियों को नामों की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की है। उनमें डॉ. अजय कुमार द्वितीय, चवन प्रकाश, दिवेश चंद्र सावंत, प्रशांत मिश्र प्रथम, तरुण सक्सेना, रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती, पदम नारायण मिश्र, लक्ष्मीकांत शुक्ल, जय प्रकाश तिवारी, देवेंद्र सिंह प्रथम, संजीव कुमार, वाणी रंजन अग्रवाल, अचल सचदेव एवं बबीता रानी शामिल हैं। इन नामों पर संस्तुति के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट को नए जज मिल जाएंगे. इससे मुकदमों के निस्तारण में भी तेजी आएगी. वादकारियों को भी इससे काफी सहूलियत मिलेगी।

# पत्नी ने लगाया आरोप, पति, सास समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज थाना कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पति, सास, देवर व ननदों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारने-पीटने, गरम चिमटा से जलाने, नशीली दवा खिलाने और अश्लील वीडियो बनाने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर मामले की जांच रही है। पीड़िता का विवाह वर्ष 2020 में आजमगढ़ जिले के एक गांव में शादी हुई थी। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल वाले दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे और न देने पर लगातार प्रताड़ना देते रहे। पीड़िता के अनुसार विदेश में नौकरी करने वाले पति को भी परिवार वाले उकसाते थे, जिसके चलते वह नशे की हालत में पत्नी को गालियां देता और मारता-पीटता था। प्रार्थना पत्र में फहीमा ने आरोप लगाया है कि 15 अगस्त को उसे मारपीट कर गरम लोहे के चिमटे से जलाया गया, जिसकी तस्वीरें भी उसने संलग्न की हैं। इसके अलावा उसे नशीली दवा खिलाकर बेहोशी की हालत में अश्लील वीडियो बनाया गया और वायरल करने की धमकी दी गई।पीड़िता का कहना है कि स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देने के बावजूद सास की बहन अंसरी की पकड़ के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर पीड़िता के पिता ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल की, लेकिन बाद में धमकियों के कारण वापस लेना पड़ा। विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए मेडिकल परीक्षण कराकर पति सास, देवर उर्फ, ननदें, समेत सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

# संघर्ष समिति ने उठाए पाँच सवाल, योगी सरकार से सीबीआई जांच और निजीकरण निर्णय निरस्त करने की माँग



वाराणसी. बिजली निजीकरण के खिलाफ बनारस के बिजलीकर्मियों का आंदोलन 280वें दिन भी जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण में कॉर्पोरेट घरानों की मिलीभगत और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की आशंका है। समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच और निजीकरण निर्णय को निरस्त करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शुरूआत से ही निजीकरण प्रक्रिया संदेह के घेरे में रही है। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में अवैध तरीके अपनाए गए और आपत्तियों को दरकिनार कर गुपचुप ढंग से 2025 का ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट लागू किया गया। समिति का आरोप है कि टाटा पावर सहित कुछ कॉर्पोरेट घरानों से सीधी चर्चा कर दस्तावेज तैयार किए गए और अब 42 जिलों की बिजली व्यवस्था को कौड़ियों के मोल सौंपने की साजिश चल रही है।

समिति के पाँच आरोप

1. लखनऊ मीटिंग में निजी घरानों की भूमिका और स्पॉन्सरशिप से निजीकरण की पृष्ठभूमि तैयार की गई।
2. ग्रांट थॉर्टन जैसे दंडित कंसल्टेंट से ही निजीकरण दस्तावेज तैयार कराए गए।
3. 2025 का बिडिंग डॉक्यूमेंट अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया।
4. टाटा पावर के सीईओ ने खुद स्वीकारा कि दस्तावेज उनसे चर्चा कर बनाए गए।
5. इक्विटी को लोन में बदलकर वितरण निगमों को मनचाहे कॉर्पोरेट को बेचा जा रहा है।

कर्मचारियों ने कहा कि यह घोटाला प्रदेश की जनता की संपत्ति की खुली लूट है। अगर सरकार ने तत्काल हस्तक्षेप न किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सभा में ई. मायाशंकर तिवारी, ई.एस.के. सिंह, ओ.पी. सिंह, ई. नीरज बिंद समेत कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## सिट्रॉएन इंडिया ने एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की

पटना। सिट्रॉएन इंडिया ने वाहन स्वामित्व को आसान बनाने और ग्राहकों व डीलरों के लिए वित्तीय पहुंच बढ़ाने हेतु एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की है। इस समझौते से एचडीएफसी बैंक स्टेलेंटिस समूह (जीप, मासेराती व सिट्रॉएन) का विशेष पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है। ग्राहकों को इस गठजोड़ से प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों और एचडीएफसी एक्सप्रेस कार लोन जैसे डिजिटल समाधान का लाभ मिलेगा, जिसके तहत 30 मिनट में बिना भौतिक दस्तावेजीकरण के ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## ग्राम लाजीपार की हरिजन बस्ती में कच्चा मकान धराशाई, सामान मलवे में दबा

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सिकरारा विकासखण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा लाजीपार के हरिजन बस्ती में एक व्यक्ति का कच्चा मकान गिर गया। जिससे उसका हजारों रुपए का नुकसान हो गया। बताते है कि उक्त गांव निवासी धर्मराज गौतम का कच्चा मकान बारिश की वजह से दीवाल के अगल-बगल पानी इकठठा हो गया था नाली के अभाव में पानी की निकासी नहीं हो पाई थी। जिससे बीती रात उनका कच्चा मकान गिर गया। संयोग था कि परिजन मकान को छोड़कर छप्पर में सोए हुए थे। इस सम्बंध में पूछने पर पीड़ित धर्मराज गौतम ने बताया कि बारिश का पानी इकठठा हो गया था। जिससे दीवाल में सीलन लग गई थी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि उक्त कच्चे मकान में इनका भूसा उपली अनाज रखा गया था। सब मलबे में दब गया। जिसकी सूचना लेखपाल संदीप यादव को दे दी गई है।

## एचएमएसआई ने अगस्त में 5 .34 लाख यूनिट्स की बिक्री के साथ तेजी से बढ़त बनाई

पटना। होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने अगस्त 2025 में कुल 5,34,861 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 4,81,021 यूनिट्स घरेलू बिक्री में और 53,840 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं। एचएमएसआई ने जुलाई 2025 की तुलना में कुल बिक्री में 4 प्रतिशत मासिक वृद्धि भी दर्ज की। वित्तीय वर्ष 26 (अप्रैल-अगस्त 2025) की वर्ष-से-तारीख अवधि में, एचएमएसआई ने कुल 24,22,880 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 21,73,834 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 2,49,046 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं।

# समाज की नींव मजबूत करने में शिक्षक सबसे अहम भूमिका निभाते हैं : दिनेश टंडन



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को स्थान होटल रघुवंशी में 41वा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं अमूल्य योगदान व महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गुरुजनों प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय, सुश्री तहसीन फातिमा प्रधानाचार्य मीना रिजवी गर्ल्स इण्टर कॉलेज, अमित कुमार सिंह प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर सिकरारा, गणेश दत्त उपाध्याय प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा. विद्यालय बारीनाथ व डॉ.रागिनी गुप्ता प्रधानाध्यापक अभिनव प्राथमिक विद्यालय ककोरगहना, करंजाकला को माल्यार्पण कर अंग वस्त्रम पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र व उपहार, प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.क्षितिज शर्मा जीएटी एरिया लीडर व विशिष्ट अतिथि दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नपपा ने सर्वपल्ली डा राधाकृष्णन जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शिक्षको को यह सम्मान उनके द्वारा किए शैक्षिक नवाचारों, अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित और संवर्धन करने के लिए और विद्यालय भौतिक विकास के साथ-साथ रचनात्मक और सृजनात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए दिया जा रहा है। इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे जीवन जीने की कला, नैतिकता और अनुशासन का मार्ग भी दिखाते हैं। शिक्षक अपनी ज्ञान की ज्योतत से हमें प्रकाशित करते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। दिनेश टंडन ने कहा कि शिक्षक सिर्फ पढ़ाते ही नहीं, बल्कि बच्चों का भविष्य सवारंते हैं और समाज को दिशा देते हैं। समाज की नींव मजबूत करने में शिक्षक सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इसके पूर्व सम्मानित होने वाले शिक्षको का परिचय डॉ मदन मोहन वर्मा, मनोज चतुर्वेदी, योगेश साहू व हेमा श्रीवास्तव व सुशील अग्रहरी ने परिचय पढ़ा। पूर्व में ध्वज वंदना आरपी सिंह ने किया। आभार शकील अहमद ने व्यक्त किया। संचालन सैय्यद मोहम्द मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर संयोजक परमजीत सिंह व डॉ संदीप मौर्य, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद माया टंडन, जूली गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, मधु चतुर्वेदी, सोमेश्वर केसरवानी, डा जंग बहादुर सिंह, डॉ सुभाष सिंह, राम कुमार साहू, शिवानन्द अग्रहरि, राजीव श्रीवास्तव, संजीव मौर्य, संजय सिंघानिया, लखन श्रीवास्तव, नीलू सेठ सहित विभिन्न संस्थाओ के पदाधिकारी व विभिन्न शिक्षक संगठन के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



**डा0 नवीन कुमार सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ



**डा0 शिल्पी सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

- फ्रेक्चर
- गठिया
- कमर दर्द
- ऑथराइटिस
- कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण
- इत्यादि रोगो का इलाज

- सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्यूमर का ऑपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा
- बच्चे की जाँच
- नार्मल डिलीवरी

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
**इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध**

नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050



# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल



**डा0 स्पृहा सिंह**
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद



**डा0 जयेश सिंह**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा
- निशुल्क उपलब्ध है। ▪ इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्नपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)
05452-356274/ 7992031213, 9026551423



# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथैरेपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

**डा. अरुण आर. सिंह**
कन्सलटेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन

**डा0 पुनीत सिंह**
M.S.M.C.H.

**डा0 रवि प्रकाश सिंह**
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 प्रभात सिंह**
M.D.( Medicine)

**डा0 सुमित कुमार सिंह**
M.D.( Neuro Psychiatrist)

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर



# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

The Culture of Care



**डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव**
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञा)

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय**
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी



**डॉ. विवेक श्रीवास्तव**
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर) 9138828282, 8686867547


एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194
05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर


BAJAJ
ए. एम. बजाज
मो. अशहद
अब्दुल माजिद
मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139
9621032024, 9651316060, 9621139686


AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL
AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
TV
उत्तरशक्ति
NEWS
Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva
Kendra Related Services 7860303530, 9616636079
प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां
सह-संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ0 प्र0)